हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, सोमवार, 6 जनवरी 2025 | अंक 85/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या डायबिटीज से परेशान हो ?
डायबेटीज चेकअप करके
पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक
द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन : 9112079000 / 8605245080
आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# दिल्ली को करोड़ों की सौगात दी, परिवर्तन रैली में बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली.**



दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इसी क्रम में पीएम मोदी ने रोहिणी के जापानी पार्क में परिवर्तन रैली को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली को आज करोड़ों की सौगात दी है. अगले 25 साल दिल्ली के लिए बेहद अहम हैं. उन्होंने कहा कि भारत जल्द विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा. 21वीं सदी के पड़ाव पर मैं दिल्ली के लोगों से एक खास आग्रह करने आया हूं, मैं दिल्ली के उज्ज्वल भविष्य और आपकी संतानों के उज्जवल भविष्य के लिए बीजेपी को अवसर देने का आग्रह करने आया हूं. बीजेपी ही दिल्ली का विकास कर सकती है. न्होंने आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली ने पिछले 10 साल में जो राज्य सरकार देखी है वो किसी 'आपदा' से कम नहीं है. दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है कि 'आप-दा नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे'. रैली में पीएम मोदी ने कहा कि दिल्लीवालों को बीजेपी पर भरोसा है. देश ने भी तीसरी बार बीजेपी को मौका दिया. हमें विश्वास है कि दिल्ली में कमल खिलने वाला है. उन्होंने कहा कि मैं सभी उम्मीदवारों से कहूंगा कि ये दिल्ली का दिल जीतने का स्वर्णिम अवसर है. खूब मेहनत करिए और दिल्ली को 'आप-दा' से मुक्त कराइए. अपनी दिल्ली को दुनिया के शहरों में बेस्ट बनाना हमारा संकल्प है. दिल्ली गरीब और मिडिल क्लास परिवार के सपनों को पूरा करने वाला शहर है. दिल्ली नौजवानों को नए भविष्य के निर्माण का शहर है. पीएम मोदी ने कहा कि बीजेपी राष्ट्र प्रथम के लिए समर्थित है. बीजेपी सपनों को पूरा करने वाली पार्टी है, दिल्ली को 'आप-दा' से बचाना होगा. बीजेपी ही दिल्ली का विकास कर सकती है. इस दौरान पीएम मोदी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं. उन्होंने कहा कि हमने झुग्गी में रहने वाले लोगों को स्वाभिमान अपार्टमेंट दिए हैं. उन्होंने कहा कि दिल्ली में बड़े-बड़े अस्पताल हैं, बड़े शिक्षण संस्थान हैं, ये भी केंद्र के जिम्मे हैं. कई ऐसे काम हैं जिन्हें केंद्र संभाल रही है.

### केंद्र की योजनाएं 'आप-दा' वालों ने रोकी

पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में शराब घोटाला 'आप-दा' वालों ने घोटाला किया, दिल्ली में प्रदूषण से लड़ाई के नाम पर 'आप-दा' वालों ने करोड़ों का खेल किया. स्कूल में स्कूल घोटाला 'आप-दा' वालों ने किया, दिल्ली में गरीबों के इलाज के नाम पर 'आप-दा' वालों ने करोड़ों रुपए लूटे. ये भ्रष्टाचार के खिलाफ राजनीति में आए थे, लेकिन घोटाले कर रहे हैं. 'आप-दा' वालों की निष्ठा और नीयत जनता के प्रति नहीं है. ये लोग झूठ फैला रहे हैं, ये दिल्ली वालों को डरा रहे हैं कि बीजेपी आएगी तो सब बंद हो जाएगा, लेकिन मैं भरोसा दिलाने आया हूं कि बीजपी सरकार में दिल्ली में जनहित की कोई योजना बंद तो नहीं होगी, लेकिन इसमें बेइमानों का जो ठेका है उन्हें बाहर निकाला जाएगा, पिछले 10 साल में राज्य सरकार की योजनाएं सिर्फ कागज पर चली हैं, 'आप-दा' वाले हार से घबरा रहे हैं, 'आप-दा' वालों को भगाकर कल्याण के काम आगे बढ़ाए जाएंगे. केंद्र की योजनाएं 'आप-दा' वालों ने रोक रखी हैं. पीएम मोदी ने कहा कि 'आप-दा' वालों का उद्देश्य सिर्फ घोटाल करना है.

### 'आप-दा' वालों ने दिल्ली के 10 साल बर्बाद किए: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि यहां 'आप-दा' वालों ने दिल्ली के 10 साल बर्बाद कर दिए. दिल्ली की सड़कों पर गड्ढे, गंदा पानी, गंदगी... ऐसा हाल बना दिया है 'आप-दा' वालों ने. यहां पार्किंग को लेकर झगड़े होते हैं. ऐसे कई इलाकें हैं जहां ऑटो वाले जाने से बचते हैं, क्योंकि लंबा जाम लगता है. दुकानदार भी 'आप-दा' से तंग आ चुके हैं, 'आप-दा' वाले झूठा आरोप लगाते हैं कि केंद्र वाले काम नहीं करने देते. मैं कहता हूं कि ये कितने बड़े झूठे हैं इसका उदाहरण 'शीशमहल' है. जब दिल्ली के लोग कोरोना से जूझ रहे थे, तब इन लोगों का पूरा फोकस अपना 'शीशमहल' बनवाने में था. इन्होंने 'शीशमहल' का बड़ा बजट बनाया. 'आप-दा' वालों को दिल्ली के विकास की चिंता नहीं है. इसलिए आज हर दिल्लीवाला कह रहा है कि 'आप-दा' नहीं सहेंगे.

## दिल्ली-एनसीआर में सर्दी का डबल अटैक

### कड़कड़ाती ठंड के साथ होगी बारिश, अलर्ट जारी



**नई दिल्ली.** इस समय शीतलहर का प्रकोप जारी है। रविवार को तापमान गिरकर 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तेज हवाएं 16 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही हैं। इससे ठंड और बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, कल यानी सोमवार को दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में बारिश की संभावना है। नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। उधर उत्तर- प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब में धुंध और शीतलहर का कहर जारी है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने सुबह के समय घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है, जिससे शहर में विजिबिलिटी कम हो सकती है।

शाम और रात में भी धुंध और हल्का कोहरा रहने की संभावना है, जिससे हवा की गुणवत्ता और विजिबिलिटी पर असर पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 10 से 12 जनवरी के बीच एक नया पश्चिमी विक्षोभ मौसम के मिजाज में बदलाव लाएगा। इससे दिल्ली समेत उत्तर पश्चिम भारत में हल्की बारिश हो सकती है। आईएमडी के मुताबिक इससे धुंध तो छटेगी लेकिन तापमान पर कुछ खास असर नहीं पड़ेगा।

## सुरक्षाबलों का मणिपुर में कई जगह चला तलाशी अभियान



**मणिपुर.** मणिपुर के पहाड़ी और मैदानी इलाकों से भारी संख्या में हथियार, गोला-बारूद और युद्ध सामग्री बरामद हुई है। भारतीय सेना, मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा इंफाल ईस्ट, टेंगनौपाल, यांगियांगपोकी और चुराचांदपुर जिलों में चलाए गए संयुक्त अभियानों में यह बरामदगी हुई है। इस संबंध में भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय फोर्ट विलियम (कोलकाता) की ओर से सोमवार को जारी बयान में बताया गया है कि 23 दिसंबर 2024 को इंफाल ईस्ट जिले के नगारियन हिल क्षेत्र में हथियारों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक हल्की मशीन गन, 12 बोर सिंगल बैरल गन, नौ एमएम पिस्तौल, दो ट्यूब लॉन्चर, विस्फोटक, गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई। टेंगनौपाल जिले में बड़ी सफलता 27 दिसंबर 2024 को टेंगनौपाल जिले में असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाकर. 303 राइफल, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और ग्रेनेड बरामद किए। इसके साथ ही एनएच-102 के समीप तीन ठिकानों की पहचान कर उन्हें नष्ट किया गया। 27 और 28 दिसंबर 2024 को यांगियांगपोकी की ओर हथियारों की आवाजाही की खुफिया जानकारी मिलने पर भारतीय सेना ने लामलोंग से यांगियांगपोकी सड़क पर मोबाइल चेक पोस्ट स्थापित किया।

## कुंभ में बुकिंग के नाम पर हो रहे हैं साइबर फ्रॉड



**लखनऊ.** 13 जनवरी से महाकुंभ की शुरुआत हो रही है। आस्था की डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज करोड़ों लोगों की भीड़ पहुंचेगी। इतनी भीड़ को मैनेज करने के लिए सरकार ने लोगों की सुविधा को देखते हुए उत्तम व्यवस्था की है। लोगों के ठहरने के लिए होटल्स, कॉटेजेज़ और गेस्ट हाउस की बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। इसी बीच ऑनलाइन बुकिंग के जरिए साइबर अपराधी भी अपना धंधा-पानी चलाने का काम कर रहे हैं। फर्जी वेबसाइट और लिंक के जरिए ये साइबर अपराधी आपकी बुकिंग करने का बोलकर आपके अकाउंट से सारे पैसे उड़ा सकते हैं। इससे बचने के लिए यूपी पुलिस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक अवेयरनेस वीडियो शेयर किया है। जिसमें यह दिखाया गया है कि कुंभ में किस तरह से साइबर अपराधी ऑनलाइन बुकिंग के जरिए लोगों को चूना लगा रहे हैं। कम पैसों में रहने-खाने और घुमाने की सुविधा का लालच देकर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं और उनके पैसे हड़प ले रहे हैं।

वीडियो के अंत में बॉलीवुड एक्टर संजय मिश्रा भी नजर आ रहे हैं जो लोगों को साइबर फॉर्ड से अवेयर करने के लिए कुंभ में सही तरीके से होटल, गेस्ट हाउस और कॉटेज की बुकिंग करने का तरीका बता रहे हैं। वीडियो में उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है कि, "ये साइबर अपराधी फेक वेबसाइट और लिंक के जरिए आपको चूना लगाने की कोशिश करेंगे लेकिन आपको बस ऑफिशियल वेबसाइट kumbh.gov.in पर जाना है। जहां आपको मिलेंगे होटल, गेस्ट हाउस और कॉटेजेज़ के लिस्ट। उसमें से अपनी जगह पसंद कीजिए और फिर अपनी बुकिंग करिए।

इस वीडियो को सोशल साइट एक्स पर यूपी पुलिस ने अपने ऑफिशियल हैंडल से शेयर किया है और कैप्शन में लिखा है- "महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाएं, लेकिन साइबर स्कैम के जाल में न फंसें! सिर्फ पंजीकृत वेबसाइट से बुकिंग कराएं, वरना साइबर ठग आपका ठिकाना भी गायब कर सकते हैं। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें!" वीडियो के साथ-साथ यूपी पुलिस ने प्रयागराज महाकुंभ में ठहरने के अधिकृत स्थानों की सूची का लिंक भी शेयर किया है। जिसे डाउनलोड कर, आप उन सभी होटल्स, गेस्ट हाउस और कॉटेजेज़ की लिस्ट देख सकते हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में एयर क्वालिटी सुधरी, ग्रैप-3 हटाया गया

**नई दिल्ली.** दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता में सुधार आने के बाद ग्रैप-3 को हटा लिया गया है. वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रैप-3 से जुड़ी सभी पाबंदियों को भी हटा लिया है. यह अनुकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक स्तर में सुधार के बाद आया है. यह फैसला1 जनवरी, 2025 को आयोजित एक बैठक के दौरान लिया गया था. सीएकेएम (केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन) ने आज ग्रैप-3 की पाबंदियों को हटा दिया है. इसका मतलब है कि अब गैर-जरूरी निर्माण कार्यों पर से रोक हटा दी गई है. बीएस-4 या पुराने मानकों वाले मध्यम आकार के डीजल माल ढुलाई वाहनों पर भी रोक हटी है. ग्रैप-3 हटने से हल्के कमर्शियल वाहनों को भी शहर में प्रवेश की अनुमति मिल गई है. यह कदम व्यापारियों और आम जनता के लिए राहत का संकेत है. हालांकि, अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि वायु गुणवत्ता पर नजर रखी जाएगी और अगर स्थिति बिगड़ती है, तो फिर से पाबंदियां लगाई जा सकती हैं.

## पोरबंदर में कोस्टगार्ड के एयर एन्क्लेव में हेलिकॉप्टर क्रैश, 3 लोगों की मौत

**पोरबंदर.**



पोरबंदर में कोस्टगार्ड के एयर एन्क्लेव में रविवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया. इस हादसे में हेलिकॉप्टर में सवार सभी तीन लोगों की मौत हो गई. क्रैश के दौरान घायल हुए दो लोगों ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे दम तोड़ दिया, जबकि हेलिकॉप्टर से कूदने वाले व्यक्ति की भी मौत हो गई. अधिकारियों ने बताया कि कोस्टगार्ड का एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ है. कोस्टगार्ड की ओर से इस हादसे पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है.

स्थानीय पुलिस ने दुर्घटना की पुष्टि की है. एक अधिकारी ने बताया कि इंडियन कोस्टगार्ड का एक एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव रविवार को नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था. इसी दौरान उसमें कुछ तकनीकी खराबी आ गई. गुजरात के पोरबंदर कोस्टगार्ड एयरपोर्ट पर लैंडिंग के समय हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी तीन लोगों की मौत हो गई. दो महीने पहले भी तटरक्षक बल का एक हेलिकॉप्टर समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था. इंडियन कोस्टगार्ड की टीम इस घटना की जांच कर रही है. यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड ने हाल ही में सेना के एएलएच ध्रुव फ्लीट के सेफ्टी अपग्रेडेशन का काम पूरा किया है. बता दें कि पिछले साल एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर ध्रुव कई दुर्घटनाओं का गवाह बना था. इस स्वदेशी हेलिकॉप्टर में एचएएल ने मॉडर्न कंट्रोल सिस्टम अपग्रेड किया है, जिससे उसकी उड़ान क्षमता में सुधार होने की उम्मीद है.

डिजाइन संबंधी गंभीर समस्या से जूझ रहे ध्रुव फ्लीट को पिछले साल कई बार उड़ान भरने से रोक दिया गया था. सिलसिलेवार दुर्घटनाओं के कारण इस हेलिकॉप्टर के फ्लाइट सेफ्टी रिकॉर्ड पर सवाल खड़े हो गए थे. पिछले साल सितंबर में भी एक ध्रुव एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर पोरबंदर के पास अरब सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था. इस दुर्घटना के बाद इंडियन कोस्टगार्ड ने फ्लाइट कंट्रोल एंड ट्रांसमिशन सिस्टम पर ध्यान केंद्रित करते हुए, अपने एएलएच फ्लीट को कुछ समय के लिए ग्रांउडेड कर दिया था और इसके वन टाइम सेफ्टी इंस्पेक्शन का आदेश दिया था. बता दें कि कोस्टगार्ड 16 एएलएच ध्रुव हेलिकॉप्टरों का संचालन करता है, जिन्हें बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया है.

### क्या है एएलएच-ध्रुव की खासियत?

पोरबंद में जो हेलीकॉप्टर क्रैश हुआ है, वह एएलएच-ध्रुव हेलीकॉप्टर है. इसकी खासियत की बात करें तो इसकी लंबाई 52.1 फीट और ऊंचाई 16.4 फीट है। यह एक बार में 630 किमी की उड़ान भर सकता है. इसकी अधिकतम गति की बात करें तो 291 किलोमीटर प्रतिघंटा है. यह एक प्रकार का यूटिलिटी हेलीकॉप्टर है, जो आमतौर पर जवानों और कार्गो को लाने और ले जाने का काम करता है. इसे किसी भी मौसम में इस्तेमाल किया जा सकता है.




CMYK

# कम हो जाएंगी आटा,दाल, चावल की कीमतें

## कंपनियों का रेवेन्यू ग्रोथ सिंगल डिजिट में रहने की संभावना

**नई दिल्ली.**

भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय मजबूत और स्थिर दिखाई दे रही है. भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की ग्रोथ रेट 6.6 फीसदी रहने का अनुमान है. आरबीआई ने बताया कि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में खपत बढ़ी है. साथ ही सरकारी खर्च और निवेश तेजी से बढ़े हैं. सेवा क्षेत्र से निर्यात मजबूत हो रहा है.आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय वित्तीय प्रणाली की स्थिति भी मजबूत है. बैंकों का मुनाफा बढ़ा है. उनके पास पर्याप्त पूंजी और नकदी है. इसके अलावा, बैंकों के पास अब खराब कर्ज (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स) कम हैं. उनके कर्ज पर लाभ निवेश पर लाभ (आरओई) पिछले दशकों के सबसे अच्छे स्तर पर हैं.यह पिछले साल की पहली में 8.2 और दूसरी छमाही में 8.1 फीसदी थी. आरबीआई का मानना है कि अगले कुछ महीनों में वृद्धि दर फिर से सुधरेगी. ऐसा इसलिए क्योंकि सरकारी खर्च, निवेश और मजबूत सेवा निर्यात की वजह से अर्थव्यवस्था को समर्थन मिलेगा.



### मजबूत स्थिति में अर्थव्यवस्था

रिपोर्ट में महंगाई के बारे में भी कहा गया कि आगामी समय में खाद्यान्न की कीमतों में कमी आने की संभावना है. बंपर खरीफ और रबी फसलें हो रही हैं. हालांकि, मौसम में बदलाव और वैश्विक संघर्षों के कारण कुछ जोखिम बने हुए हैं. यह कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं. रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि बैंकों के पास प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने के लिए अतिरिक्त पूंजी भी मौजूद है. जहां तक भारतीय अर्थव्यवस्था की बात है, आरबीआई ने कहा कि 2024-25 के पहले छह महीनों में जीडीपी वृद्धि दर 6 प्रतिशत रह सकती है.

# 3 दिन में 4285 करोड़ के शेयरों की बिक्री



**नई दिल्ली.**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों से पहले आशंकाओं और घरेलू शेयरों के हाई वैल्यूएशन के कारण इस महीने के पहले तीन कारोबारी सत्रों में भारतीय शेयर बाजारों से 4,285 करोड़ रुपये निकाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पहले पूरे दिसंबर माह में एफपीआई ने शेयरों में 15,446 करोड़ रुपये का निवेश किया था। वैश्विक और घरेलू चुनौतियों के बीच एफपीआई की धारणा में बदलाव आया है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''जबतक डॉलर मजबूत रहेगा और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल आकर्षक रहेगा, तबतक एफपीआई की बिकवाली जारी रहने की संभावना है। डॉलर इंडेक्स इस समय 109 के आसपास है और 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल 4.5 प्रतिशत से अधिक है। इस वजह से एफपीआई निकासी कर रहे हैं।'' आंकड़ों के अनुसार, एक से तीन जनवरी के दौरान एफपीआई ने 4,285 करोड़ रुपये के शेयर बेचे है। विदेशी निवेशकों के बीच अनिश्चितता का पता मौजूदा निकासी के रुख से चलता है।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर- एमडी रिसर्च हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, ''विदेशी निवेशकों ने कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों से पहले सतर्क रुख अपनाया है। इसके अलावा अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की संभावित नीतियों और वैश्विक बाजारों पर उनके प्रभाव की वजह से भी निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट ने एफपीआई की धारणा को और कमजोर कर दिया है, क्योंकि मुद्रा जोखिम ने भारतीय निवेश को कम आकर्षक बना दिया है। इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा इस साल ब्याज दरों में कम कटौती के संकेत भी निवेशकों का भरोसा बढ़ाने में विफल रहे हैं। घरेलू मोर्चे पर बात की जाए, तो एफपीआई मुख्य रूप से ऊंचे मूल्यांकन की वजह से बिकवाली कर रहे हैं।

# 10 करोड़ डॉलर देकर दानवीर बने एलन मस्क

**नई दिल्ली.**



हाई टेक्नोलॉजी प्रॉडक्ट और इनोवेशन के लिए शोहरत बटोर चुके एलन मस्क अपने अजब-गजब कारनामों और विवादास्पद बयानों अथवा सोशल मीडिया पोस्ट के कारण लगातार चर्चा में बने रहते हैं. टेस्ला कंपनी के इस चीफ ने अभी फिर सुर्खियां बटोरी हैं. इस बार एलन मस्क की चर्चा किसी बदनामी के कारण नहीं हो रही है. बल्कि लोग उनकी उदारता और नेकनीयती के कारण उनकी तारीफ कर रहे हैं. एलन मस्क ने 10 करोड़ डॉलर देकर टेक जायंट और धनकुबेर के साथ ही दानवीर का भी तमगा हासिल कर लिया है.

एलन मस्क के अपनी कंपनी के 10 करोड़ डॉलर के शेयर चैरिटी के लिए बने अपने मस्क फाउंडेशन को ट्रांसफर कर दिए हैं. इसकी जानकारी उन्होंने अमेरिका के सिक्योरिटी और स्टॉक मार्केट रेगुलेटर को दी है. टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने नए साल से कुछ ही दिन पहले टेस्ला कंपनी के दो लाख 68 हजार शेयर दान दिए थे. उस समय के टेस्ला के मुताबिक इसकी कुल कीमत 108.2 मिलियन डॉलर आंकी गई है. मस्क ने रेगुलेटरी फाइलिंग में इसकी जानकारी दी है. 2021 में टेस्ला कंपनी के अपने 5.74 अरब डॉलर के शेयर दान दिए थे.

इसके बाद 2022 में भी उन्होंने 1.95 अरब डॉलर के शेयर मस्क फाउंडेशन को ट्रांसफर किए. हालांकि मस्क ने रेगुलेटरी फाइलिंग में यह नहीं बताया है कि वे ये दान किस चीज पर खर्च करने जा रहे हैं. क्योंकि वे मस्क फाउंडेशन को दिए ये शेयर फिलहाल बेचने नहीं जा रहे हैं. अमेरिका के सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज कमीशन के पास की गई यह फाइलिंग साल के अंत में सालाना टैक्स प्लानिंग की पहल के तहत है. यानी अमेरिका के टैक्स रूल के तहत एलन मस्क को इसके जरिए टैक्स लायबलिटी में कुछ छूट मिल सकती है. 2001 में एलन और किंबल मस्क की ओर से स्थापित मस्क फाउंडेशन सोशल सर्विस, रिसर्च और एडवोकेसी के कई बड़े प्रोजेक्ट को सपोर्ट करता है.

# खास होगा नए भारत का इंडियन रेलवे


## तेजी से हो रहा विस्तार

**नई दिल्ली.**

भारतीय रेलवे ने हाल ही में अपनी बुनियादी संरचना और परिचालन में कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं. 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ट्रेनों को चलाने में सक्षम ट्रैक की लंबाई में शानदार वृद्धि के साथ रेलवे नेटवर्क अब और भी तेज और कुशल हो गया है. अधिकारियों के अनुसार, भारतीय रेलवे के 1.03 लाख ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) नेटवर्क में से 23,000 टीकेएम ट्रैक 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति को सहन करने में सक्षम हैं. इसके अतिरिक्त, 54,337 टीकेएम ट्रैक अब 110 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ट्रेनों को चलाने के लिए तैयार हैं. चालू वित्त वर्ष में 5,000 टीकेएम नेटवर्क को एडवांस करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से 2,741 टीकेएम पहले ही 110 किलोमीटर प्रति घंटे की गति तक उन्नत किए जा चुके हैं. प्रमुख स्वर्णिम चतुर्भुज मार्ग पर कुछ खंडों को 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति वाली अर्ध-उच्च गति वाली ट्रेनों के लिए भी उन्नत किया जा रहा है. भारतीय रेलवे की ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने में सक्षम है. इसके अलावा वंदे भारत स्लीपर भी तैयार है. इसका पहला प्रोटोटाइप दिसंबर 2024 में आरडीएसओ फील्ड ट्रायल के लिए रवाना होगा. यह ट्रेन राजधानी एक्सप्रेस की तुलना में बेहतर गति, सुरक्षा और यात्री सुविधाएं प्रदान करेगी. रेलवे ने चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से दिसंबर के दौरान अपने रेवेन्यू में 4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है, जिससे यह 1.93 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया. माल ढुलाई से 1.26 लाख करोड़ रुपए का रेवेन्यू प्राप्त हुआ, जबकि यात्री सेगमेंट की इनकम में 6 फीसदी की वृद्धि हुई, जो 55,988 करोड़ रुपए रही. माल ढुलाई में 2 फीसदी की वृद्धि के साथ कुल 1,179 मिलियन टन की ढुलाई की गई. यात्री सेवाओं में भी सुधार हुआ, जिसमें मेल, एक्सप्रेस, और पैसेंजर ट्रेनों की संख्या 3 फीसदी बढ़कर 2.07 मिलियन तक पहुंच गई. पीक सीजन में विशेष ट्रेन सेवाएं 54 फीसदी बढ़ीं. नए शेड्यूल के तहत 34 जोड़ी वंदे भारत ट्रेनों सहित 62 विशेष ट्रेनों की शुरुआत की गई. भारतीय रेलवे गति, सुरक्षा और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ट्रैक और सिग्नलिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को एडवांस करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है. वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का परिचालन, एडवांस ट्रैक और आधुनिक समय सारिणी भविष्य की परिवहन प्रणाली को और भी बेहतर बनाएंगे. ये प्रयास भारतीय रेलवे को तेज, सुरक्षित और यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं.




# हर तिमाही तय होती हैं ब्याज दरें



**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने पीपीएफ, सुकुन्या समृद्धि समेत छोटी सेविंग स्कीम्स पर ब्याज दर का ऐलान किया है. इसलिए आपको जानना जरूरी है कि आपके लिए निवेश करना कहां फायदेमंद रहेगा. केंद्र सरकार ने 1 जनवरी 2025 से शुरू होने वाली तिमाही के लिए पब्लिक प्रॉविडेंट फंड, सुकन्या समृद्धि योजना जैसी स्मॉल सेविंग स्कीम्स पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है. वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी है. ये दरें अक्टूबर- दिसबंर 2024 तिमाही में लागू दरों के समान रहेंगी. वैसे सरकार ने पिछली बार पोस्ट ऑफिस बचत योजनाओं की ब्याज दरों में जनवरी-मार्च 2024 में बदला था, लेकिन एक साल होने के बाद भी सरकार ने इस ब्याज दरें को अपरिवर्तित रखा है. इसके पीछे माना जा रहा है कि सरकार का फोकस महंगाई को नियंत्रित करना है. साथ ही डॉलर के मुकाबले रुपये का कमजोर होना भी एक कारण है. हालांकि, वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने इस बारे में कोई कारण नहीं बताया है. सरकार ने पिछले साल की ब्याज दरों को ही जारी रखने का फैसला किया है. सरकार हर तिमाही पर इन स्कीम्स में ब्याज दरों में बदलाव करने की घोषणा करती है.

यह चौथी तिमाही है जब सरकार ने इन योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है. हालांकि,यह छोटी बचत योजनाएं आम लोगों को सेफ और सिक्योर बचत करने का अवसर प्रदान करती है. इन योजनाओं की ब्याज दरें सरकारी बॉन्ड की यील्ड के आधार पर तय की जाती हैं. निवेशकों को आकर्षित करने के लिए इन योजनाओं की दरें थोड़ी ज्यादा रखी जाती हैं, लेकिन यह पहली बार है कि चौथी तिमाही पर सरकार ने इन योजनाओं में कोई परिवर्तन नहीं किया है.

# रिलायंस ने 3 बिलियन डॉलर का किया इंतजाम

**नई दिल्ली.** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने 11 बैंकों के एक कंसोर्टियम से 3 बिलियन डॉलर जुटाए हैं। यह पिछले दो वर्षों में रिलायंस का सबसे बड़ा बॉरोइंग डील है। द इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले महीने इस 5 वर्षीय लोन को लेने की डील फाइनल हुई थी। यह तीन महीने की सिक्योर ओवरनाइट फाइनेंसिंग रेट से 120 बेसिस प्वाइंट अधिक पर ब्याज पर लिया गया है। इसमें 450 मिलियन डॉलर जापानी येन में लिया गया था। बता दें कि दिसंबर में तीन महीने की रेट लगभग 4.80 प्रतिशत थी। इसके अलावा 120 बेसिस प्वाइंट के साथ लोन पर ब्याज लगभग 6 प्रतिशत है। 3 बिलियन डॉलर का लोन मुख्य रूप से 2025 में मैच्योर होने वाले मौजूदा डेट को री-फाइनेंस करने के लिए है। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि कंपनी ने पहले ही लोन में से 700 मिलियन डॉलर का उपयोग कर लिया है और आवश्यकतानुसार चालू तिमाही में और अधिक फंड जुटाने की योजना बना रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस तिमाही के अंत में और अधिक बैंकों के सिंडिकेशन में शामिल होने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार बैंक ऑफ अमेरिका के पास लोन का सबसे बड़ा हिस्सा 343 मिलियन डॉलर है। इसके अलावा डीबीएस बैंक और एचएसबीसी (प्रत्येक 300 मिलियन डॉलर), जापान का एमयूएफजी (280 मिलियन डॉलर) और भारत का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (275 मिलियन डॉलर) शामिल हैं।

# शेयर बाजार की चाल रहेगी सुस्त

**नई दिल्ली.**




स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुझानों, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इस सप्ताह गुरुवार से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के साथ तिमाही नतीजों का सीजन शुरू होने जा रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि वृहद आर्थिक आंकड़े और रुपये-डॉलर का रुख भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के सीनियर एक्सपर्ट रिसर्च प्रवेश गौर ने कहा, ''चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के नतीजों की शुरुआत इसी सप्ताह होने जा रही है। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज टीसीएस और टाटा एलेक्सी बृहस्पतिवार यानी नौ जनवरी को अपनी वित्तीय नतीजों की घोषणा करेंगी।

निवेशकों की निगाह व्यक्तिगत शेयरों के प्रदर्शन पर रहेगी। उन्होंने कहा कि तिमाही नतीजों के बाद बाजार का ध्यान आगामी आम बजट और डोनाल्ड ट्रंप 2.0 प्रशासन के नीतिगत निर्णयों पर रहेगा। गौर ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुद्ध बिकवाल रहे हैं, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) लिवाल बने हुए हैं। एफआईआई और डीआईआई के बीच इस तरह का 'संघर्ष' आगे भी जारी रहेगा और यह इस सप्ताह बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "नए साल के दूसरे सप्ताह को देखते हुए कई प्रमुख घटनाक्रम बाजार की धारणा प्रभावित कर सकते हैं। तिमाही नतीजों की शुरुआत टीसीएस के साथ होगी।

तीसरी तिमाही के बेहतर नतीजों से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी का रुख पलट सकता है। इसके अलावा आगे के संकेतों के लिए निवेशकों की निगाह एचएसबीसी सेवा पीएमआई और औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों पर रहेगी। रुपया चार पैसे टूटकर 85.79 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।

# सौर पीवी परियोजनाओं से 64.6 अरब डॉलर की उम्मीद




**नई दिल्ली.**

उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं की मदद से 720 से अधिक कंपनियों का राजस्व 5-6 वर्षों में बढ़कर 459 अरब डॉलर (39.4 लाख करोड़ रुपये) तक जा सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, योजना का लक्ष्य विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाना, आयात कम करना, निर्यात को बढ़ावा देना और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार पैदा करना है। रिपोर्ट के अनुसार, एनर्जी ट्रांजिशन में एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) बैटरी में तीन परियोजनाएं 2.3 अरब डॉलर के प्रोत्साहन के साथ 24.7 अरब डॉलर का राजस्व हासिल कर सकती हैं।

95 परियोजनाओं के साथ ऑटोमोबाइल व ऑटो कलपुर्जा क्षेत्र ने पहले ही 3.2 अरब डॉलर के प्रोत्साहन के साथ 1.3 अरब डॉलर की बिक्री हासिल की है। दूरसंचार व नेटवर्किंग उत्पाद ने पहले ही 8.3 अरब डॉलर की बिक्री हासिल की है। 14 सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) मॉड्यूल परियोजनाओं से तीन अरब डॉलर के प्रोत्साहन से 64.6 अरब डॉलर के राजस्व की उम्मीद है। सेमीकंडक्टर में 9.5 अरब डॉलर के प्रोत्साहन से 53.1 अरब डॉलर राजस्व मिल सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में 4.8 अरब डॉलर के प्रोत्साहन के साथ 130.1 अरब डॉलर के राजस्व का अनुमान है। आईटी हार्डवेयर को 2.1 अरब डॉलर के प्रोत्साहन से 24.8 अरब डॉलर के राजस्व की उम्मीद है।

# 7 जनवरी को खुल रहा यह आईपीओ

**नई दिल्ली.**




अगर आप किसी इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) में दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए काम की खबर है। यह इश्यू - क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड का है। क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड का आईपीओ 7 जनवरी को खुलेगा। कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए गुरुवार, 9 जनवरी को बंद होगा। इसका प्राइस बैंड 290 रुपये है। क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड आईपीओ का ग्रे मार्केट में 180 रुपये प्रीमियम पर उपलब्ध है। इसका मतलब है कि कंपनी के शेयरों की संभावित लिस्टिंग 470 रुपये है।

यानी की पहले ही दिन यह शेयर 62.07 फीसदी प्रीमियम पर मुनाफा करा सकता है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड ने अपने पहले आईपीओ के लिए 10 रुपये फेस वैल्यू वाले प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड 275 से 290 रुपये तय किया है। निवेशक न्यूनतम 50 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। उसके बाद 50 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल में बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ पूरी तरह से 290 करोड़ रुपये तक का एक फ्रेश इश्यू है जिसमें ऑफर फॉर सेल कंपोनेंट नहीं है।

कंपनी अपने आईपीओ के जरिए से जुटाई गई राशि का उपयोग कंपनी (स्पेशलिटी केबल डिवीजन) के लॉन्ग-टर्म कैपिटल रिक्वायरमेंट की फंडिंग के लिए करेगी। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के डेवलपमेंट हेतु कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए कंपनी द्वारा लिए गए सभी आउटस्टैंडिंग वर्किंग कैपिटल टर्म लोन के पूर्व भुगतान या पुनर्भुगतान के लिए और जनरल कॉर्पोरेट पर्पज के लिए किया जाएगा।

# प्याज को लेकर सरकार से नाराज हैं किसान



**नई दिल्ली.**

प्याज किसानों को ये उम्मीद थी कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान नासिक में प्याज का निर्यात मूल्य हटाने की घोषणा करेंगे, लेकिन केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा प्याज का निर्यात मूल्य हटाने को लेकर कोई घोषणा नहीं किये जाने से किसानों की उम्मीदों पर पानी फिर गया. केंद्रीय कृषि मंत्री के नासिक दौरे से प्याज किसानों को निराशा हुई.

प्याज किसान पिछले कई महीनों से प्याज पर शून्य निर्यात मूल्य की मांग कर रहे हैं. केंद्रीय कृषि मंत्री के नासिक दौरे से प्याज किसानों को कोई फायदा नहीं हुआ. प्याज को लेकर लगे प्रतिबंधों से किसानों को झटका लगा है. किसानों ने अनुरोध किया है कि राज्य के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे इस मुद्दे पर ध्यान दें और किसानों की पीड़ा सरकार के दरबार तक पहुंचाएं. किसानों ने कृषि मंत्री से दिल्ली जाकर समाधान निकालने की अपील की है.

प्याज उत्पादकों ने सरकार के विरोध का रुख जारी रखने पर आंदोलन की चेतावनी दी है. नासिक देश और राज्य में सबसे अधिक प्याज उत्पादक जिला है. किसान सस्ते दाम पर प्याज बेच रहा है. प्रति क्विंटल 3 हजार से भी कम दाम मिल रहा है. प्याज उत्पादक भरत दिघोले ने सवाल पूछा है कि केंद्र आखिर किसका इंतजार कर रहा है कि वह प्याज निर्यात शुल्क वापस ले. उन्होंने किसानों से पूछा कि जिनका प्याज कम कीमत पर बिक रहा है, उसकी चर्चा क्यों और किससे की जाए? उन्होंने कहा कि अगर प्याज पर प्रतिबंध बरकरार रहा तो किसानों को परेशानी होगी.


१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123



निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र मोहिनी — विकली लॉटरी — सोडत सायं. 4:30 वाजता

सोडत दर रविवार • सोडत क्रमांक 01 • तिकिट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 05/01/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- : MO-08 : 5473

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- : 1867 — किशोर लॉटरी सेंटर, सांगली

तिसरे बक्षिस रु. 2000/- : 1237 (श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई), 5117, 5666

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1025 | 2026 | 3300 | 4219 | 4964 |
| 1195 | 2152 | 3387 | 4267 | 5026 |
| 1218 | 2243 | 3393 | 4290 | 5151 |
| 1514 | 2256 | 3633 | 4418 | 5439 |
| 1520 | 2266 | 3645 | 4419 | 5505 |
| 1791 | 2799 | 3693 | 4571 | 5605 |
| 1939 | 2848 | 3922 | 4697 | 5832 |
| 2007 | 3083 | 3963 | 4841 | 5937 |

महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत — सोडत दिनांक 07-01-2025 — 22 लाख

महाराष्ट्र मोहिनी — सोडत दिनांक 05/01/2025

निकाल — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी — रवि विकली लॉटरी — सोडत सायं. 4:45 वाजता

सोडत दर रविवार • सोडत क्रमांक 01 • तिकिट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 05/01/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 9533 | 3694 | 0132 | 3454 | 5673 |

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- : 6889, 9834

तिसरे बक्षिस रु. 2000/- : 1076, 1129, 1393, 4242, 6343

चौथे बक्षिस रु. 1000/- : 2636 3995 4541 5035 5949 7303 7445 8660 9072 9566

पाचवे बक्षिस रु. 500/- : 0590 3288 4669 5249 6791 7294 7350 7767 9256 9257

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0502 | 1311 | 2294 | 2925 | 3447 | 4788 | 5665 | 6666 | 7529 | 8738 |
| | 0571 | 1394 | 2299 | 2973 | 3646 | 4828 | 5689 | 6714 | 7607 | 8769 |
| 0028 | 0585 | 1543 | 2320 | 2981 | 3837 | 4870 | 5834 | 6753 | 7661 | 8839 |
| 0030 | 0596 | 1590 | 2323 | 3028 | 3909 | 4883 | 5941 | 6757 | 7740 | 8855 |
| 0032 | 0636 | 1612 | 2371 | 3043 | 3949 | 4981 | 5955 | 6811 | 7787 | 8884 |
| 0055 | 0684 | 1614 | 2377 | 3143 | 4064 | 5009 | 5968 | 6821 | 7826 | 9074 |
| 0061 | 0750 | 1646 | 2392 | 3175 | 4088 | 5045 | 5979 | 6846 | 7837 | 9179 |
| 0073 | 0759 | 1701 | 2432 | 3252 | 4260 | 5056 | 6055 | 6904 | 7897 | 9212 |
| 0107 | 0870 | 1793 | 2452 | 3266 | 4310 | 5114 | 6062 | 6930 | 7952 | 9250 |
| 0130 | 0881 | 1851 | 2495 | 3294 | 4343 | 5131 | 6262 | 6967 | 7965 | 9341 |
| 0176 | 0903 | 1911 | 2522 | 3305 | 4380 | 5293 | 6268 | 6991 | 8088 | 9409 |
| 0180 | 1002 | 2092 | 2536 | 3325 | 4414 | 5343 | 6325 | 7053 | 8368 | 9432 |
| 0210 | 1034 | 2099 | 2562 | 3327 | 4415 | 5365 | 6326 | 7092 | 8380 | 9561 |
| 0250 | 1105 | 2201 | 2565 | 3330 | 4418 | 5402 | 6369 | 7121 | 8564 | 9599 |
| 0289 | 1131 | 2223 | 2569 | 3349 | 4421 | 5436 | 6393 | 7297 | 8571 | 9698 |
| 0327 | 1152 | 2229 | 2595 | 3358 | 4428 | 5441 | 6436 | 7373 | 8604 | 9849 |
| 0350 | 1162 | 2245 | 2662 | 3373 | 4571 | 5515 | 6535 | 7414 | 8669 | 9925 |
| 0390 | 1186 | 2272 | 2664 | 3382 | 4624 | 5525 | 6617 | 7418 | 8706 | 9944 |
| 0477 | 1238 | 2274 | 2749 | 3383 | 4666 | 5557 | 6646 | 7429 | 8729 | 9950 |

महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 25/01/2025 — 14 लाख

महाराष्ट्र गजलक्ष्मी रवि — सोडत दिनांक 05/01/2025

# साइबर सुरक्षा प्रोजेक्ट होंगे लागू

## ई-मूवमेंट के लिए ई-कैबिनेटः बोले देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई.**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में साइबर सुरक्षा परियोजना को पूरी क्षमता से लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के अनुसार, मुख्यमंत्री फडणवीस ने शनिवार को सह्याद्री गेस्ट हाउस में गृह विभाग की अगले 100 दिनों की योजना की समीक्षा की।

सीएम फडणवीस ने कहा कि साइबर सुरक्षा परियोजना के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शासन, जोखिम और अनुपालन किया जाना चाहिए। सीएम फडणवीस ने सुझाव दिया, "एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स के लिए नए पदों का सृजन किया जाना चाहिए। नक्सल विरोधी गतिविधियों में नक्सल प्रभावित जिलों में नई सशस्त्र चौकियों की स्थापना के काम में तेजी लाई जानी चाहिए और केंद्र सरकार की तर्ज पर महाराष्ट्र जेल विनियमों का मसौदा तैयार किया जाना चाहिए।"

गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव इकबाल सिंह चहल ने कहा कि न्यायिक सहायक वैज्ञानिक प्रयोगशाला निदेशालय के तहत सभी प्रायोगिक स्कूलों का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। इस परियोजना का पहला चरण पूरा हो चुका है। इसमें मुंबई, पुणे, नागपुर,



कोल्हापुर, नांदेड़, ठाणे, धुले, सोलापुर, रत्नागिरी, चंद्रपुर में प्रयोगशालाओं का कम्प्यूटरीकरण किया जाना चाहिए। बैठक में कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, गृह राज्य मंत्री (ग्रामीण) डॉ पंकज भोयर, गृह राज्य मंत्री (शहरी) योगेश कदम, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खड़गे, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव इकबाल सिंह चहल, अतिरिक्त मुख्य सचिव ओपी गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अश्विनी भिड़े, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ श्रीकर परदेशी और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि राज्य सरकार मंत्रालय यानी सचिवालय की सुरक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था लागू कर रही है। मुंबई में कैबिनेट की बैठक के बाद सीएम फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, "हम मंत्रालय की सुरक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था बना रहे हैं. इसके तहत मंत्रालय आने वाले हर व्यक्ति को पास दिया जाएगा। जब व्यक्ति बाहर जाएगा तो उसे पास वापस करना होगा।"

### विशिष्ट पहचान पत्र बनाया जाएगा

जिस तरह आधार एक विशिष्ट पहचान पत्र है, उसी तरह काम के लिए भी पहचान पत्र बनाने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा, "हर काम के लिए एक विशिष्ट पहचान पत्र बनाया जाएगा।" महाराष्ट्र के सीएम ने कहा कि कैबिनेट फाइलों के ई-मूवमेंट के लिए ई-कैबिनेट शुरू किया जाएगा।

# एनसीपी प्रवक्ता ने अजित पवार पर साधा निशाना

**बीड.** मसजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले में महाराष्ट्र की सियासत गर्मा गई है. रविवार को एनसीपी के प्रवक्ता सूरज चव्हाण ने बीजेपी के विधायक सुरेश धस द्वारा हत्या की जांच को लेकर सूबे के उपमुख्यमंत्री अजित पवार पर निशाना साधने पर आपत्ति जताई. चव्हाण ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर सवाल किया कि क्या धस को राज्य के गृह विभाग पर भरोसा नहीं है कि वह हत्या की निष्पक्ष जांच करेगा.

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे हैं. चव्हाण ने कहा कि अगर एनसीपी का कोई भी शख्स सरपंच की हत्या के मामले में संलिप्त पाया जाता है तो उपमुख्यमंत्री अजित




पवार उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे.सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के पीछे जबरन वसूली का मामला बताया जा रहा है. बीड जिले में पवन चक्कियां स्थापित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से दो करोड़ रुपए की वसूली की जा रही थी. इस वसूली का देशमुख ने इविरोध किया था, जिसके बाद 9 दिसंबर को उनका अपहरण कर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी. इस मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र के मंत्री और एनसीपी नेता धनंजय मुंडे के सहयोगी वाल्मीक कराड को गिरफ्तार किया गया था. पुलिस ने अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया है. सरपंच की हत्या की जांच आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) का एक विशेष जांच दल (एसआईटी) कर रहा है. चव्हाण ने कहा कि शनिवार को परभणी में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान बीजेपी विधायक धस ने एनसीपी प्रमुख और राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार पर निशाना साधते हुए पूछा था कि उनके वादे का क्या हुआ. एनसीपी प्रवक्ता ने कहा कि अगर उनकी पार्टी का कोई भी व्यक्ति हत्या मामले से जुड़ा पाया गया तो अजित पवार उसे नहीं छोड़ेंगे और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे.

# गडकरी ने नेताओं की निष्ठा पर उठाए सवाल

### > असली समस्या का किया खुलासा

**पुणे.**

राज्य में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद राज्य की राजनीतिक पार्टियों में कई बदलाव देखने को मिले। इस दौरान कई विपक्षी पार्टी के नेताओं ने अपना पाला बदल लिया और सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए। ऐसे नेताओं की निष्ठा के बारे में नितिन गडकरी ने अपना मत रखा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि राजनीति को लेकर उनकी राय अच्छी नहीं है, क्योंकि इसमें "इस्तेमाल करो और फेंको" की रणनीति अपनाई जाती है। उन्होंने



सवाल किया कि राजनीति में सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल होने की होड़ रहती है, ऐसे में लोगों की विचारधारा और निष्ठा कहां चली जाती है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गडकरी ने यह भी कहा कि देश में विचारधारा नहीं, बल्कि विचारों का खालीपन समस्या है। उन्होंने कहा, "कई लोग सत्ता में आने वाली पार्टी में शामिल हो जाते हैं, ऐसे में उनकी विचारधारा और निष्ठा कहां चली जाती है? हमारे देश में विचारधारा नहीं, बल्कि विचारों का खालीपन समस्या है।"

पुणे में मराठा सेवा संघ की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि अगर देश को प्रगति करनी है, तो सबसे पहले अपने घर-परिवार का ख्याल रखना होगा। एक किस्सा याद करते हुए उन्होंने कहा, "एक आदमी मेरे पास आया और बोला कि वह देश के लिए अपनी जान देना चाहता है। उस समय, उसका कारोबार ठप था, वह दिवालिया हो रहा था और घर पर उनकी पत्नी और बच्चे थे। मैंने उससे कहा कि पहले अपने घर का ख्याल रखो, फिर देश का।"

# म्हाडा ने निकाली 555 नए फ्लैट्स की लॉटरी

**नासिक.** अगर आप भी नासिक में अपना घर खरीदने का सपना देख रहे हैं तो आपके पास एक बेहतरीन मौका है। महाराष्ट्र राज्य हाइसिंग बोर्ड जो राज्य में आम आदमी को किफायती घर उपलब्ध कराता है। अब नए साल में भी नासिक में लॉटरी आयोजित करेगा। भूमि के टुकड़े करने वाली परियोजनाओं की जांच से पुणे शहर में उपलब्ध आवास इकाइयों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।जांच शुरू होने के बाद से महाराष्ट्र हाउसिंग एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी यानी म्हाडा ने 1485 अपार्टमेंट प्राप्त किए हैं, जिनमें से 157 परियोजनाओं से 1328 इकाइयां पहले ही वितरित की जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, 9 परियोजनाओं से 555 अन्य अपार्टमेंट जल्द ही कम आय वाले नागरिकों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

महाराष्ट्र सरकार की 20% समावेशी आवास योजना का उद्देश्य कम आय वाले परिवारों को किफ़ायती घर उपलब्ध कराना है लेकिन शहर के डेवलपर्स पर योजना को दरकिनार करने के लिए समीपवर्ती भूमि को खंडित करने का आरोप लगाया गया है। इस प्रथा की जांच के कारण म्हाडा और मनपा के बीच विवाद पैदा हो गया है। जांच के परिणामस्वरूप, म्हाडा को 1484 अपार्टमेंट उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें से 1328 पहले ही कम आय वाले परिवारों को वितरित किए जा चुके हैं।

# पकड़े गए 13 अवैध बांग्लादेशी नागरिक

**मुंबई.** पुलिस ने अवैध तरीके से राज्य में रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ एक्शन लिया है। इस एक्शन के तहत पुलिस और एटीएस टीम ने अब तक कई बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अब खबर आ रही है की मुंबई के घाटकोपर में पुलिस ने एक बार फिर अवैध बांग्लागेशियों पर कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार किया है। मुंबई में घाटकोपर ईस्ट से पुलिस ने नाला सोपारा में अवैध रूप से रहने के आरोप में चार नाबालिगों सहित 13 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। बताया गया कि ये गिरफ्तारियां पिछली गिरफ्तारी से मिली जानकारी के आधार पर की गई हैं। पुलिस को उम्मीद है कि इस गिरफ्तारी के बाद उन्हें और अन्य अवैध प्रवासियों के बारे में और जानकारी मिलेगी।



# 18 छात्र हुए फूड प्वाइजनिंग का शिकार

### > अचानक बीगड़ी छात्रों की तबियत

**रायगढ़.** पिकनिक मनाने आए 18 छात्र फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए. अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. बीमार हुए छात्र जालना जिले के न्यू हाई स्कूल के बताए जा रहे हैं. स्कूल से 150 छात्र-छात्राओं का दल नई साल की पार्टी पर पिकनिक मनाने के लिए रायगढ़ के महाबलेश्वर आए थे. घटना की सूचना मिलते ही पोलादपुर के पुलिस निरीक्षक अनिल जाधव, उपविभागीय पुलिस अधिकारी शंकर काले और तहसीलदार तुरंत अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया.

स्कूली छात्रों की अचानक तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया. उनके साथ आए स्कूल के स्टाफ के हाथ-पांव फूल गए. आनन-फानन में उन्हें पोलादपुर के ग्रामीण अस्पताल लाया गया. जहां उनका उपचार किया जा रहा है. अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम उनका इलाज कर रही है. डॉक्टर का कहना है की उनकी हालत अब ठीक है. जल्द ही सभी छात्रों की छुट्टी कर दी जाएगी. विद्यालय के शिक्षक प्रकाश बंसीधर ने बताया कि महाबलेश्वर में छात्रों ने तली हुई चीजें और कुछ ग्रामीण ठंडे पेय का सेवन किया था. इससे कुछ छात्रों की तबीयत खराब हो गई. साथ ही उन्हें ठंडी हवाओं के कारण बस की खिड़कियां बंद रखने से कुछ छात्रों को सांस लेने में तकलीफ हुई और वे घबराने लगे थे. कुछ को उल्टी, शरीर में कंपकपी, जुलाब और तेज सरदर्द की शिकायत भी आई.



# बेटे ने मां के अंतिम संस्कार के लिए लड़ी कानूनी लड़ाई

**मुंबई.** बॉम्बे हाई कोर्ट ने ड्रग्स केस में दो साल से जेल में बंद एक आरोपी को उसकी मां के अंतिम संस्कार के लिए सशर्त अंतरिम जमानत दी है. आरोपी को 4 जनवरी से 13 जनवरी 2024 तक के लिए रिहा किया जाएगा. आरोपी को 2 लाख रुपये के मुचलके पर रिहा किया जा रहा है. इस दौरान उसे जांच अधिकारी के पास पासपोर्ट जमा करने का आदेश दिया गया है. दिल्ली निवासी महिला का बेटा, जो कि ड्रग्स मामले में जेल में बंद है, अपनी मां की इकलौती संतान है. उसकी मां का निधन 21 दिसंबर 2024 को हुआ था. बेटे के जेल में होने के कारण उसकी मां का शव अस्पताल के शवगृह में रखा गया था, और उसका अंतिम संस्कार नहीं हो सका था. आरोपी ने कोर्ट से मां की अंतिम क्रियाएं करने की अनुमति मांगी थी, ताकि वह अपनी मां की विधिवत अंतिम विदाई दे सके.

आरोपी के वकील, ऐडवोकेट मिथलेश मिश्रा ने कोर्ट में कहा कि आरोपी अपनी मां का इकलौता बेटा है, और उसके वहां न होने के कारण अंतिम संस्कार से जुड़ी किसी भी क्रिया को पूरा नहीं किया जा पा रहा है. आरोपी ने पहले भी 2024 में रेगुलर बेल की अर्जी दी थी, लेकिन अभियोजन पक्ष ने उस पर कोई जवाब नहीं दिया था. 24 महीने से आरोपी जेल में बंद था और चार्जशीट भी दायर हो चुकी थी, हालांकि आरोप अब तक तय नहीं किए गए थे.

सरकारी वकील ने दलील दी कि आरोपी गंभीर अपराधों में शामिल है, और बेल मिलने पर वह सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकता है. हालांकि, जस्टिस आर.एन. लड्ढा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को राहत देने का फैसला लिया, क्योंकि आरोपी के मां के निधन और शव को अस्पताल के शवगृह में रखने की पुष्टि हुई थी. जमानत मिलने के बाद आरोपी को जांच अधिकारी के पास अपना पासपोर्ट जमा करने का आदेश दिया गया. साथ ही उसे दिल्ली के स्थानीय पुलिस स्टेशन में एक दिन छोड़कर उपस्थित होने को कहा गया. इस मामले में जमानत मिलने से आरोपी को एक तरफ मां के अंतिम संस्कार का मौका मिला, वहीं दूसरी तरफ जांच से जुड़े किसी भी सबूत के साथ छेड़छाड़ न करने की शर्त भी लगी.

# एक ही परिवार में 3 आईपीएस, आईएएस

**मुंबई.** कई लोग आईएएस और आईपीएस बनने का सपना देखते हैं. कुछ लोगों का ये सपना पूरा हो जाता है, तो वहीं कुछ लोगों का ये बड़ा सपना अधूरा भी रह जाता है, लेकिन एक परिवार ऐसा भी है, जिसमें तीन-तीन अधिकारी हैं. एक ही परिवार के तीन लोग आईएएस और आईपीएस हैं और तीनों की पोस्टिंग भी एक ही जिले में है. हालांकि तीनों सदस्य अलग-अलग जिम्मेदारियां संभाल रहे




हैं. जितेंद्र डूडी पुणे के जिला आयुक्त बनकर आए हैं, जिनका सतारा से ट्रांसफर किया गया है.

जितेंद्र डूडी की पत्नी आंचल दलाल भी एक आईपीएस अधिकारी हैं और पुणे में ही रहती हैं. इसके साथ ही उनके बहनोई शेखर सिंह पिंपरी चिंचवड़ नगर पालिका के आयुक्त हैं और अब जितेंद्र डूडी का भी इसी जिले में ट्रांसफर हो गया है. इस तरह एक परिवार के तीन आईपीएस,आईएएस एक ही जिले में तैनात हैं. राज्य सरकार की ओर से भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का ट्रांसफर करना शुरू कर दिया है, जिसके चलते जितेंद्र डूडी का भी तबादला किया गया.

जितेंद्र डूडी साल 2016 बैच के आईपीएस हैं. वह राजस्थान के जयपुर के रहने वाले हैं. उन्होंने प्रशासनिक सेवा की शुरुआत झारखंड से की थी. वह केंद्र सरकार में सहायक सचिव भी रहे हैं. इसके बाद साल 2018 में उनकी पोस्टिंग महाराष्ट्र में हो गई थी. उनका ये सफर सांगली जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सतारा के कलेक्टर और अब पुणे के कलेक्टर के रूप में जारी है.

# कुर्ला बस हादसे के आरोपी की जमानत याचिका पर बहस

**मुंबई.** पिछले महीने कुर्ला पश्चिम में बेस्ट दुर्घटना के मुख्य आरोपी बस ड्राइवर संजय मोरे की जमानत याचिका पर बहस शनिवार को पूरी हो गई। इसके बाद अदालत ने स्पष्ट किया कि वह मोरे की जमानत याचिका पर 10 जनवरी को फैसला करेगी। आरोपी के वकील ने दावा करते हुए कोर्ट से कहा कि आरोपी निर्दोष है और दुर्घटना बस में तकनीकी खराबी के कारण हुई।

पुलिस ने मोरे की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि दुर्घटना उसकी गलती के कारण हुई थी। मोर अच्छा ड्राइवर नहीं है, बल्कि उससे खतरा है। इसलिए उन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए। अगर उसे जमानत पर रिहा किया गया तो वह भाग जाएगा। मोरे की जमानत याचिका पर शनिवार को सत्र न्यायालय के



अतिरिक्त न्यायाधीश सचिन पवार के समक्ष बहस हुई। उस समय कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मोरे की अर्जी पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

बता दें कि मुंबई के कुर्ला में हुए बेस्ट बस हादसे में मुंबई के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) अधिकारियों ने बस की जांच की थी। इस जांच के बाद पता चला था कि दुर्घटना में बस में कोई खराबी नहीं थी। इसके बाद भी इस दुर्घटना का होना किसी और वजह की ओर संकेत करता है। मुंबई के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के अधिकारियों को संदेह है कि कुर्ला में हुई बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) बस दुर्घटना 'मानवीय भूल' और 'उचित प्रशिक्षण के अभाव' के कारण हुई थी।

कुर्ला बस हादसा कांड में 7 लोगों की मौत हो गई थी और 49 लोग घायल हो गए थे। सोमवार रात की घटना के तुरंत बाद वडाला आरटीओ की जांच टीम ने ये पाया था कि 'ओलेक्ट्रा' निर्मित बेस्ट इलेक्ट्रिक बस के ब्रेक ठीक से काम कर रहे थे। नगर निगम द्वारा संचालित बेस्ट उपक्रम की इलेक्ट्रिक बस ने 9 दिसंबर सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे कुर्ला (पश्चिम) में एस. जी. बर्वे मार्ग पर पैदल चल रहे यात्रियों तथा वाहनों को टक्कर मार दी थी।

# यात्रियों की दुर्दशा पर फूटा गुस्सा

### >7 घंटे तक प्लेन में बैठाए, सुबह उतारकर करवाया चेकइन

**पुणे.** दिल्ली-पुणे एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट के यात्रियों के लिए शनिवार का दिन बेहद खराब रहा। दिल्ली में सारी सुरक्षा और जांच प्रक्रिया से गुजरने के बाद उन्हें प्लेन में बैठा दिया गया। प्लेन में लगभग 200 यात्री सवार थे। अगले दो घंटे में उन्हें पुणे में उतरना था लेकिन विमान ने उड़ान ही नहीं भरी। सबसे बुरी स्थिति तब हुआ जब पैसेंजर्स को सात घंटे प्लेन में ही बैठकर गुजारने पड़े। उसके बाद उन्हें विमान से उतार दिया गया और राष्ट्रीय राजधानी में फिर से सुरक्षा जांच प्रक्रिया से गुजरने को कहा गया।

उड़ान (IX-1176) को शुक्रवार



रात 9.40 बजे दिल्ली से उड़ान भरनी थी और रात 11.50 बजे पुणे में उतरना था। विमान आखिरकार शनिवार सुबह 7.30 बजे दिल्ली से रवाना हुआ। यात्रियों की रात प्लेन में बैठकर गुजरी।

अपने परिवार के साथ फ्लाइट में बैठे पुणे निवासी अंबादास गवांडे ने दर्द बयां किया। उन्होंने कहा कि विमान अपने निर्धारित आगमन समय से 10 घंटे से अधिक समय बाद शनिवार सुबह 10 बजे पुणे में उतरा। टीओआई ने एयरलाइन के प्रवक्ता को विस्तृत वॉट्सऐप संदेश भेजकर यात्रियों की परेशानी के पीछे के कारणों की जानकारी मांगी। लेकिन एयरलाइन का जवाब नहीं आया।

गावंडे ने कहा, 'पहले तो आधे घंटे की देरी हुई। शुक्रवार रात 10 बजे तक सभी यात्री विमान में सवार हो गए। जब एक घंटे बाद भी विमान नहीं उड़ा, तो यात्रियों ने क्रू मेंबर्स से पूछा कि समस्या क्या है। उनमें से एक ने कहा कि कोहरे की वजह से दृश्यता एक बड़ी समस्या थी। कुछ यात्री दो घंटे से ज़्यादा समय तक विमान में धैर्यपूर्वक बैठे रहने के बाद अपना आपा खो बैठे।'

## आज का राशिफल

मेष- आज आपको अपने सभी कामों को सोच समझ कर ही करना होगा, नहीं तो समस्या हो सकती है।

वृषभ-आज का दिन आपके लिए आय के सोर्स को बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी आय बढ़ने से समस्याएं कम होंगी।

मिथुन -आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने माता-पिता की बातों को इग्नोर नहीं करना है.

कर्क -आज का दिन आपके लिए वाणी की कोमलता को बनाए रखने के लिए रहेगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको समय का सदुपयोग करना होगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए रहेगा।

तुला -आज का दिन आपके धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। धन को लेकर आपको ज्यादा मेहनत करने की आवश्यकता नहीं है.

वृश्चिक-आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी की कही सुनी बातों में न आएं.

धनु -आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

मकर -आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से खटपट होने की संभावना है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। बिजनेस में किसी योजना पर विराम लग सकता है.

मीन- आज का दिन आपके लिए किसी उलझनों से दूर रहने के लिए रहेगा, इसलिए आप कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोले।

# नीतीश के जाने से सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ेगा

### पाटिल का बड़ा बयान

**मुंबई.**

एनसीपी शरद पवार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ज यंत पाटिल ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के जाने से केंद्र की सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ेगा. पाटिल ने कहा कि नीतीश कुमार के पास 12 सांसद हैं. अगर इन 12 सांसदों का समर्थन हटा दिया जाए तब भी केंद्र की सरकार अल्पमत में नहीं आएगी. मौजूदा परिस्थिति में मुझे कोई आसार भी नजर नहीं आते. अगर और भी कुछ घटक दल जिनकी संख्या ज्यादा सांसदों की है, वो अगर बाहर निकलते हैं सरकार से तभी कुछ हो सकता है और सरकार अल्पमत में आ सकती.



जयंत पाटिल का यह बयान उद्धव गुट के सांसद संजय राउत के बयान के बाद आया है. दरअसल, राउत ने दावा किया है कि बीजेपी नीतीश कुमार के 10 सांसदों को तोड़ने की कोशिश कर रही है इसलिए नीतीश कुमार परेशान हैं. मुझे संदेह है कि वह एनडीए में रहेंगे. अगर नीतीश कुमार अलग फैसला लेते हैं तो केंद्र की मोदी सरकार अल्पमत में आ सकती है.

दरअसल, पिछले कुछ दिनों से सियासी गलियारों में चर्चा है कि नीतीश कुमार कहीं फिर इधर से उधर न हो जाएं. मतलब एनडीए का साथ छोड़ न दें. कुछ दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में नेतृत्व परिवर्तन के संकेत दिए थे. इसके बाद से बिहार की राजनीति में भूचाल आ गया था. शाह के इस बयान के बाद जेडीयू ने ट्वीट कर कहा था 'क्यों करें विचार, जब हैं ही नीतीश कुमार.' इस पोस्ट के कई मायने निकाले गए. कहा जाने लगा कि बिहार में बजट सत्र के बाद बड़ा परिवर्तन को देखने को मिल सकता है.

### नीतिश कुमार के लिए राजद का दरवाजा खुला है

लोगों को एक झटका तब लगा जब लालू यादव ने नीतीश कुमार को साथ आने का ऑफर दे दिया. आरजेडी चीफ ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के लिए राजद का दरवाजा खुला हुआ है. नीतीश कुमार साथ में आएं और काम करें. इसके बाद बिहार की सियासत में तहलका मच गया. हालांकि, नीतीश कुमार ने लालू के इस ऑफर को खारिज कर दिया. उन्होंने कहा कि हम दो बार गलती से इधर-उधर चले गए थे, लेकिन अब वो एनडीए के साथ ही रहेंगे कहीं और जाएंगे.

# चोरी हुआ नवजात शिशु 24 घंटे में बरामद

**नाशिक.** एक अस्पताल से चोरी हुए नवजात शिशु को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर ढूंढ निकाला है. इस बच्चा चोरी की घटना ने शहर में हड़कंप मचा दिया था, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से यह मामला सुलझा लिया गया. पुलिस के मुताबिक, 28 दिसंबर को नाशिक जिला अस्पताल में एक महिला ने सिजेरियन डिलीवरी से बच्चे को जन्म दिया. महिला को बाद में आईसीयू में भर्ती करवाया गया था, क्योंकि उसकी हालत गंभीर थी. इसी दौरान महिला ने अपनी पहचान की एक अन्य महिला को शिशु को संभालने के लिए सौंप दिया था. यह महिला अस्पताल में महिला के परिचित के तौर पर आई थी और महिला के दूर की रिश्तेदार होने का दावा कर रही थी.

28 दिसंबर से 4 जनवरी तक यह महिला जच्चा और बच्चा दोनों की देखभाल करती रही, लेकिन 4 जनवरी के बाद अचानक वह महिला बच्चा लेकर गायब हो गई. जब शिशु की मां ने अस्पताल प्रशासन से इस बारे में शिकायत की और रोने लगी, तो अस्पताल ने तुरंत पुलिस को सूचित किया. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज की मदद से महिला की पहचान की और उसका पता लगा लिया.

पुलिस ने आरोपी महिला से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह बहुत समय से संतान सुख के लिए प्रयास कर रही थी, लेकिन उसे बच्चा नहीं हो रहा था. इस वजह से वह बहुत दुखी थी और शिशु को चुराने का निर्णय लिया. आरोपी महिला का नाम सपना मराठे है और वह धुले जिले की निवासी है. चोरी करने के बाद सपना मराठे ने नवजात को अपने माता-पिता को सौंप दिया और खुद फरार हो गई. पुलिस ने सपना के माता-पिता को हिरासत में लेकर बच्चा वापस पाया. महिला कई दिनों से अस्पताल में रेकी कर रही थी और किसी बच्चे को चुराने की योजना बना रही थी.

## सुविचार

अनमोल है कुछ चीज तो वो आपका समय है उसे व्यर्थ में ना गवाये...

## संपादकीय

# गौतम गंभीर के गुस्से से गहरे जख्म

❍ किसी भी खेल के मामले में परस्पर सहयोग की रणनीति और बेहतर संवाद से ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है। पिछले कुछ समय से जिस तरह भारतीय क्रिकेट में उतार-चढ़ाव दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि खिलाड़ी पूरे आत्मविश्वास के साथ नहीं मैदान में नहीं उतर रहे। उन पर कहीं न कहीं कोई दबाव या निराशा है। टीम को सहेजने-संवारने और बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करने में कप्तान के साथ कोच की भी भूमिका बेहद अहम होती है। यह दुखद है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर जिस तरह की तल्खी का प्रदर्शन कर रहे हैं, उससे टीम के मनोबल तक पर असर पड़ सकता है। मेलबर्न टैस्ट में हार के बाद गंभीर ने पूरी टीम के लिए जिस तरह कुछ कड़े शब्द कहे, उससे तमाम कोशिशों के बावजूद ड्रेसिंग रूम का तनाव बाहर आ गया। अगर खिलाड़ियों के प्रदर्शन से गंभीर नाखुश हैं, तो उन्हें इसकी तह में जाना चाहिए।

खिलाड़ियों से संवाद कर उन्हें विश्वास में लेना चाहिए। भारतीय टीम एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है। युवा खिलाड़ियों का कुछ मुद्दों पर अपने मुख्य कोच के साथ एकराय न होना भी चिंता का विषय है। कहा तो यह भी जा रहा है कि पहले के दो कोच के कार्यकाल में जिस तरह संवाद होता था, अब नहीं होता। सवाल है कि अगर ड्रेसिंग रूम में अशांति रहेगी और कड़वी भाषा में संवाद होगा, तो खिलाड़ियों से क्या उम्मीद की जा सकती है। गौतम गंभीर अपने दौर में आक्रामक खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उनका मुखर व्यक्तित्व है।

मगर कभी-कभी उनका गुस्सा सभी का ध्यान खींच लेता है। वे राजनीति में भी सक्रिय रहे हैं, इसलिए शायद उन्हें जनता से संवाद करने और सभी को साथ लेकर चलने की अहमियत का अंदाजा होगा। यह बताने की जरूरत नहीं कि फिलहाल उन्हें इसी कौशल को अपनाने की जरूरत है। कोच के तल्ख तेवर से खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार की भूमिका नहीं बनेगी। इसके लिए खेल की तकनीकों पर ध्यान देने के साथ-साथ खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा रहना भी जरूरी होता है। मुख्य कोच की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वह खेल के साथ-साथ सौहार्द और संवाद का एक बेहतर माहौल भी तैयार करें, ताकि खिलाड़ियों के भीतर उत्साह का संचार हो, क्योंकि इसका असर प्रदर्शन पर भी पड़ता है.

## लघुकथा

देवी नगरानी

# उदेश्य और आदेश

❒ पिता के गुज़र जाने की खबर सुनकर बेटा विदेश से भारत आया, और विद्धि अनुसार पिता के अंतिम दाह-संस्कार संपूर्णता से अर्जित किए। पंद्रह दिन के बाद विदेश लौटते वक़्त उसने उसने माँ के पाँव छूटे हुए विदा ली, यह कहते हुए कि वह पिता की पुण्य-तिथि के लिए साल के बाद लौट आएगा और तब तक वह मास मच्छी नहीं खाएगा। समय बीता, ग्यारह महीने होने को आए। फोन पर बात कराते हुए एक दिन माँ ने कहा-"बेटा अब मेरी भी उम्र ढल रही है, जाने कब जीवन कि आख़री शाम "माँ ऐसा तो बिलकुल मत कहो।" बेटे ने बीच में बात काटते हुए कहा। "यह तो मुझपर ज़ुल्म होगा। अभी तो पिता को एक वर्ष पूरा होने को है। मैं जैसे तैसे घास फूस पर गुज़ारा कर रहा हूँ। तुम तो अब कुछ साल रुक जाओ।"

## कहानी

राम कृष्ण खुराना

# परमपिता को प्रणाम

❒ एक राजा था! उसके राज्य में सब प्रकार से सुख शांति थी। किसी प्रकार का कोई वैर-विरोध नहीं था। जनता हर प्रकार से सुखी थी। परंतु राजा को एक बहुत बड़ा दुख था कि उसकी कोई संतान न थी। उसे अपना वंश चलाने की तथा अपने उत्तराधिकारी की चिंता खाए जा रही थी। मन्दिर, मस्जिद, गुरुद्वारे में जाकर माथा टेका। कई तीर्थ स्थानों की यात्रा की। परंतु कोई लाभ न हुआ। संतान की कमी उसे दिन ब दिन खाए जा रही थी।बहुत सोच विचार के पश्चात उसने अपने राज्य के सभी विद्वानों, पण्डितों को बुलवाया और उनसे संतान प्राप्ति का उपाय ढूंढने को कहा। सभी विद्वानों ने विचार विमर्श किया। राजा की जन्म कुंडली का गहन विश्लेषण किया। अंत में वे सभी एक मत से एक निष्कर्ष पर पहुंचे। उन्होंने राजा से कहा कि यदि कोई ब्राह्मण का बच्चा अपनी खुशी से देवता को बलि दे तो आपको संतान की प्राप्ति हो सकती है। राजा ने विद्वानों की बात सुनी। उसने सारे राज्य में मुनादी करा दी कि यदि कोई ब्राह्मण का बच्चा अपनी इच्छा से खुशी-खुशी बलि दे देगा तो उसके घर वालों को बहुत सा धन दिया जायगा। राजा के राज्य में एक बहुत ही गरीब ब्राह्मण था। कई दिन फाके में ही गुजर जाते थे। उसके चार लड़के थे। बड़े तीन लड़के तो अपना काम धंधा करते थे और अपने परिवार को आर्थिक सहयोग देते थे। परंतु जो सबसे छोटा लड़का था वो कोई काम नहीं करता था। उसका सारा ध्यान हमेशा भगवान भक्ति में लगा रहता था उसका सारा दिन सदकर्म करते हुए भगवान का स्मरण करते ही बीत जाता था। उसके पिता ने भी मुनादी सुनी। सोचा यह लड़का निठल्ला है। कोई काम-धंधा भी नहीं करता। इसको बलि के लिए भेज देते है। राजा से धन मिल जायगा तो घर की हालत कुछ सुधर जाएगी। ब्राह्मण अपने चौथे सबसे छोटे लड़के को लेकर राजा के पास पहुंचा। राजा ने उस लड़के से पूछा "क्या तुम बिना किसी दबाव के, अपनी मर्जी से, अपनी खुशी से बलि देने को तैयार हो?"जी महाराज।" लड़के ने बड़ी विनम्रता से उत्तर दिया "यदि मेरी बलि देने से आपको संतान की प्राप्ति होती है तो मैं खुशी से अपनी बलि देने को तैयार हूं।" राजा उसका उत्तर सुन कर बहुत प्रसन्न हुआ। सभी विद्वानों ने सलाह करके बलि देने के लिए शुभ मुहूर्त निकाला और राजा को बता दिया। लड़के के पिता को बहुत सारा धन आदि देकर विदा किया। लड़के को अतिथि ग्रह में ठहराया गया। हर प्रकार से उसका ख्याल रखा गया। अंत में उसकी बलि देने का दिन भी आ गया। राजा ने लड़के को बुलाया और कहा "आज तुम्हारी बलि दे दी जाएगी। अगर तुम्हारी कोई आखिरी इच्छा हो तो बताओ हम उसे पूरी करेंगे।" "मुझे कुछ भी नहीं चाहिए।" ब्राह्मण पुत्र ने कहा " बस मैं बलि देने से पहले नदी में स्नान करके पूजा करना चाहता हूं।" राजा यह सुनकर बहुत प्रसन्न हुआ और बोला "ठीक है। हम भी तुम्हारे साथ नदी तक चलेंगे।" उस लड़के ने नदी में स्नान किया। फिर नदी किनारे की रेत को इकट्ठा किया और उसकी चार ढेरियां बना दी। उसने चारों ढेरियों की ओर देखा। फिर एक ढेरी को अपने पैर से गिरा दिया। फिर उसी प्रकार से दूसरी ढेरी को भी गिरा दिया। फिर तीसरी ढेरी को भी गिरा दिया अब वो चौथी ढेरी के पास गया। उसके चारों ओर तीन बार चक्कर लगाया। हाथ जोड़कर उसको माथा टेका। उसकी वन्दना की और राजा के पास बलि देने के लिए आ गया। राजा उसका यह सारा करतब बड़े ही कौतूहल से देख रहा था। पहले तो राजा ने सोचा कि बालक है। रेत से खेल रहा है। परंतु जब राजा ने देखा कि उसने चौथी ढेरी को हाथ जोड़ कर प्रणाम किया है तो राजा को इसका रहस्य जानने की इच्छा हुई। राजा ने बालक से पूछा "बालक, तुमने रेत की चार ढेरियां बनाई। फिर उनमें से तीन को तोड़ दिया और चौथी को प्रणाम किया। इसका क्या रहस्य है?" पहले तो बच्चे ने कोई उत्तर नहीं दिया। परंतु राजा के दोबारा पूछने पर लड़के ने कहा – "राजन, आपने बलि के लिए मुझे कहा है।

# सीरिया और इस्लामिक स्टेट

प्रो. बंदिनी कुमारी
समाज शास्त्र की प्रोफेसर



❍ सीरिया में हाल ही में महत्वपूर्ण राजनीतिक और सैन्य परिवर्तन हुए हैं। 8 दिसंबर 2024 को विद्रोही गुटों ने राष्ट्रपति बशर अल-असद के 24 वर्षीय शासन को समाप्त कर दिया, जिससे वे रूस भागने पर मजबूर हुए। इस तख्तापलट के बाद, हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) विद्रोही गुट ने मोहम्मद अल-बशीर को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। चिंताजनक बात यह है कि कुछ कट्टरपंथियों द्वारा इन घटनाओं को इस्लामिक स्टेट की जीत के रूप में चित्रित करने या उन्हें व्यापक, दैवीय स्वीकृत अभियान के हिस्से के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है और मध्य एशिया के युवाओं से अपील की जा रही है कि वे इस अभियान में शामिल हों ।यह व्याख्या झूठी, भ्रामक और एक खतरनाक जाल है, जो युवाओं और संवेदनशील दिमाग के व्यक्तियों को गुमराह करने के लिए बना जा रहा है। मध्य पूर्व में कई अन्य लोगों की तरह, सीरियाई संघर्ष बहुआयामी है, जिसमें विभिन्न गुट नियंत्रण, प्रभाव और अस्तित्व के लिए होड़ कर रहे हैं। आईएसआईएस के अवशेषों सहित कुछ चरमपंथी समूह इन घटनाक्रमों को अपने तथाकथित "खिलाफत" के हिस्से के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहे हैं,और उसकी व्याख्या अपने कुत्सित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए कर रहे हैं जो उनकी कट्टरपंथी विचारधारा में निहित एक अवधारणा है। गौरतलब है कि 'इस्लामिक शासन' और 'खिलाफत' की वास्तविक अवधारणा को विकृत करके मध्य एशिया के तमाम कट्टरपंथी समूह अपने अपने राजनीतिक मंसूबों के लिए युवाओं को बलि का बकरा बना रहे हैं।

इस्लामिक शासन की अवधारणा इस्लाम के धार्मिक और सामाजिक सिद्धांतों पर आधारित है। इसे आमतौर पर "इस्लामी राज" या "खिलाफत" के रूप में जाना जाता है। इस्लामिक शासन प्रणाली में परामर्श का सिद्धांत लागू होता है। इसे "शूरा" कहा जाता है, जहां शासक और प्रजा के बीच विचार-विमर्श किया जाता है।यह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का आधार है। आईएसआईएस के तहत तथाकथित "इस्लामिक स्टेट" विनाश, उत्पीड़न और आतंकवाद पर बनाया गया था। यह एक राजनीतिक इकाई थी जिसने इस्लाम के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन किया- जैसे न्याय, दया और मानवीय सम्मान के लिए सम्मान। मुसलमानों में शांति और समृद्धि लाने के बजाय, आईएसआईएस ने पीड़ा, रक्तपात और विभाजन लाया। इस्लाम के नाम पर आतंकवाद, सांप्रदायिक हिंसा और क्रूरता की इसकी रणनीति ने न केवल आस्था को कमजोर किया है, बल्कि दुनिया भर के कई मुसलमानों का मोहभंग भी किया है।

कुछ कट्टरपंथी और चरमपंथी अब सीरिया में हो रहे घटनाक्रम को तथाकथित इस्लामिक स्टेट की जीत के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। उनका उद्देश्य भावनाओं को भड़काकर और खुद को इस्लाम के "सच्चे" रक्षक के रूप में पेश करके मुस्लिम युवाओं को अपने साथ जोड़ना है। वे विजयी खिलाफत के पुनर्जन्म की तस्वीर पेश करने के लिए लड़ाई, नारे और यहां तक कि "जिहाद" के संदर्भों का उपयोग कर सकते हैं। हालाँकि, यह कथा इस्लाम क्या सिखाता है और जिहाद की अवधारणा का वास्तव में क्या अर्थ है, इस बारे में गलत समझ पर आधारित है। इस्लामी परंपरा में जिहाद मुख्य रूप से व्यक्तिगत सुधार और समाज में न्याय और धार्मिकता को बनाए रखने का प्रयास है। यह बेवजह हिंसा या आतंकवाद के माध्यम से सत्ता स्थापित करने का आह्वान नहीं है। सच्चा जिहाद उत्पीड़न, अन्याय और अत्याचार से लड़ने के बारे में है, और यह कई रूपों में किया जा सकता है- शिक्षा, दान, शांतिपूर्ण प्रतिरोध या अपने समुदाय को आक्रामकता से बचाने के माध्यम से।

यह कभी भी ऐसे समूह में शामिल होने के बारे में नहीं है जो धार्मिक कर्तव्य की आड़ में हिंसा और अराजकता को बढ़ावा देता है। सीरियाई संघर्ष और इसी तरह के संकटों को खिलाफत की स्थापना के रूप में पेश करने का कट्टरपंथी प्रयास बेहद भ्रामक है। ऐसे आंदोलनों में शामिल होने वाले युवा खुद को एक वैचारिक जाल में उलझा हुआ पा सकते हैं जो हिंसा, विनाश और व्यक्तिगत नुकसान की ओर ले जाता है, यह सब इस्लाम की विकृत समझ के नाम पर होता है। इस्लाम का सच्चा मार्ग वह है जो शांति,


### सावधानी और सतर्कता की ज़रूरत

न्याय और मानवता की भलाई को बढ़ावा देता है, न कि निरर्थक संघर्ष या सांप्रदायिक हिंसा को। मुस्लिम युवाओं को खुद को शिक्षित करने, ज्ञानी विद्वानों से मार्गदर्शन प्राप्त करने और इस्लाम की सच्ची शिक्षाओं को समझने की आवश्यकता है। इस्लाम ज्ञान प्राप्त करने, न्याय के लिए प्रयास करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने को प्रोत्साहित करता है। इस्लाम में हिंसा या विनाश का महिमामंडन नहीं किया गया है।

शांति को बढ़ावा देना और सभी रूपों में चरमपंथ के खिलाफ खड़ा होना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है। मुस्लिम युवाओं को याद रखना चाहिए कि सफलता का सच्चा मार्ग कुरान और सुन्नत की शिक्षाओं का पालन करने, न्याय और धार्मिकता की दिशा में काम करने और हर इंसान की गरिमा को बनाए रखने में निहित है। इस तरह, वे समाज में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं, अपने विश्वास की रक्षा कर सकते हैं और उन लोगों द्वारा बिछाए गए खतरनाक जाल से दूर रह सकते हैं जो अपने चरमपंथी एजेंडे के लिए उनका शोषण करना चाहते हैं।

## आलेख

# शलिनी: एक पुत्र



❒ शलिनी कॉलेज से एमए की डिग्री सामाजिक विज्ञान से लेने के बाद नौकरी नहीं करना चाहती थी। शलिनी समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए सामाजिक आंदोलन चलाना चाहती थी। आंदोलन की रूपरेखा उसके दिमाग में स्पष्ट नहीं थी परंतु जज्बा था जो स्पष्ट था। शलिनी अपने माता-पिता की एकलौती औलाद थी। शलिनी के पिता सोने के व्यापारी थे तथा शलिनी की माँ पढ़ी-लिखी गृहणी थी।शलिनी की माँ को अपनी बेटी के शादी की चिंता लगी रहती थी इसलिए नहीं कि शलिनी के लिए लड़के की कोई कमी थी या धन-दौलत की कमी थी बल्कि चिंता इसलिए थी कि शलिनी शादी करना नहीं चाहती थी।

शलिनी की माँ जब भी शलिनी से शादी संबंधित बात करती तो शलिनी यह कह कर टाल देती थी कि उसे बहुत कुछ करना है। शलिनी की माँ जब पूछती कि शलिनी तू नौकरी भी नहीं करना चाहती, शादी भी नहीं करना चाहती, तो तू क्या करेगी? उम्र कोई रूकी रहने वाली चीज है क्या? वह तो बढ़ती जाएगी, शलिनी की माँ झुंझलाते हुए शलिनी से कहती। शलिनी अपनी माँ के गले में बांहों को डालती हुयी पूरे विश्वास के साथ कहा करती कि माँ तू चिंता न कर, सब कुछ मैं ठीक-ठाक समय में कर लूंगी, शादी भी, शलिनी ने 'शादी' पर जोर देते हुए कहा।उस रात शलिनी अपने कमरे में रोजा लक्जमबर्ग की सामाजिक विज्ञान पर एक पुस्तक पढ़ते हुए सोच रही थी कि वह कैसे सामाजिक आंदोलन की शुरूआत करेगी, उसकी रूपरेखा क्या होगी। दूसरे दिन सुबह-सुबह शलिनी ने अपने पिता रोशन लाल को घर से निकलने से पहले ही चाय पीते हुए टेबल पर जा कर मिली और बड़े प्यार से अपने पिता से बोली, पिताजी मैं अभी शादी नहीं करना चाहती हूं और नौकरी भी नहीं करना चाहती हूं बल्कि कोई सामाजिक भलाई का काम करना चाहती हूं, एक ही सांस में शलिनी सब बोल गयी। शलिनी के पिता रोशनलाल बहुत पढ़े-लिखे तो नहीं थे परंतु अपने साहित्यिक मित्रों के साथ रहते-रहते उनका नजरिया विस्तार ले चुका था। जो उनके द्वारा अपने पुत्री शलिनी के लालन-पालन में नजर आता था। शलिनी को रोशनलाल ने कभी भी उस नजरिए से नहीं पाला कि लड़की बोझ होती है, पराया धन होती, कन्यादान करना होगा। इन सब बातों को वे नहीं मानते थे। शलिनी को लड़के की तरह उन्होंने पाला था, हाँ चूकि शलिनी लड़की थी और सुंदर भी थी इसलिए रोशनलाल शलिनी को पर्याप्त सुरक्षा दे रखा था। शलिनी से रोशनलाल हर बात स्पष्ट ढ़ंग से करते थे।

शलिनी को निडर और आत्मसम्मानी बनाकर पाला था रोशनलाल ने।रोशनलाल चाय पी चुके थे। अखबार उलट-पलट कर रख दिया और पास खड़ी शलिनी से मुखातिब होते हुए पूछा कि अगर मेरी बेटी शादी नहीं करेगी, नौकरी नहीं करेगी तो किसा तरह की सामाजिक भलाई का कार्य करेगी, भलाई का कार्य कहां से शुरू होगी और कहां खत्म होगी, जरा मुझे भी तो स्पष्ट करो। क्या तुम्हारे रोकने से बच्चे काम करना छोड़ देंगे, शलिनी के पिता ने पूछा।मुझे बच्चों से काम लेने की प्रथा को रोकना ही होगा पिताजी, आज मैं यह कार्य अकेले शुरू जरूर करूंगी परंतु मुझे पूरा विश्वास है कि एक दिन यह आंदोलन का रूप ले लेगा। किसी न किसी को तो पहल करनी ही होगी पिताजी, शलिनी ने पूरे विश्वास के साथ कहा।

कैसे रोकेगी इसे शलिनी, रोशनलाल ने पूछा। शलिनी ने कहा, पिताजी सभी सामाजिक कुरीतियों को रोकने के लिए शिक्षा का अलख जलाना होता है तभी कुरीतियां रोकी जा सकेंगी। मैं सबसे पहले हमलोगों का खाली पड़ा फार्म हाउस वाले घर को साफ-सुथरा करा कर काम करने वाली मोहल्ले के कामगारों के बच्चों को पढ़ाना शुरू करूंगी, कुछ दिनों के बाद जब बच्चों की संख्या बढ़ जाएगी तब पंजीकरण करवाकर 'गरीब विद्यालय' में उसे परिवर्तित कर दूंगी।

## हार्बिन शहर



चीन का हार्बिन शहर जनवादी गणराज्य चीन के सुदूर पूर्वोत्तरी भाग में स्थित हेइलोंगजियांग प्रांत की राजधानी और सबसे बड़ा शहर है। यह चीन की प्रशासन प्रणाली के अनुसार एक उपप्रांतीय शहर (प्रीफ़ेक्चर, दिजी) का दर्जा रखता है और चीन का दसवा सब से बड़ी आबादी वाला शहर है। सन् 2010 की जनगणना में इसकी कुल आबादी 1,06,35,971 थी जिनमें से 58,78,939 इसके 26,04,930 शहरी इलाक़ों में रह रहे थे। हारबिन पूर्वोत्तरी चीन का सांस्कृतिक, राजनैतिक, आर्थिक और संचार केंद्र है। यह अपनी कड़ी सर्दियों के लिए जाना जाता है और इसे बहुत से लोग 'बर्फ़ीले शहर' की उपाधि देते हैं। रूस की नज़दीकी के कारण इस शहर की इमारतों और संस्कृति पर रूसी प्रभाव नज़र आता है। हारबिन हेइलोंगजियांग प्रांत के दक्षिणी भाग में सोंगहुआ नदी के किनारे स्थित है। यहाँ गर्मियाँ कम देर की होती हैं और तापमान 39.2 °सेंटीग्रेड तक जा चुका है जबकि सर्दियाँ लम्बी होती हैं और उनमें तापमान 41.4 °सेंटीग्रेड तक देखा गया है। सभी बड़े चीनी शहरों में हारबिन सबसे ठंडा है।

## व्यंग्य

प्रमोद यादव

# जमूरे! कब आएंगे अच्छे दिन?




❒ नीम पेड़ के नीचे बने चबूतरे पर मदारी और जमूरा दोनों पस्त से अलसाए बैठे हैं. गर्मी इतनी कि दूर-दूर तक आदमी तो दूर, कोई जानवर तक नजर नहीं आ रहा.. नीम के पत्तों में कोई हलचल नहीं. कोई खडखडाहट नहीं.. उमस से हलाकान मदारी ने जेब से रूमाल निकाल चहरे पर फिराते बोला - ' जमूरे हाँ उस्ताद..' आदतन आलाप के स्वर में जमूरे ने हामी भरी. जमूरे...अब इस मदारी के धंधे (खेल) में कोई दम नहीं रहा... लाख डमरू घुमाओ.. डुग डुगी बजाओ.. गले फाड़ चिल्लाओ. पर तमाशा देखने कोई जुटता ही नहीं. ठीक कहा उस्ताद..' जमूरे ने उत्तर दिया-' पहले तो एक बार डमरू बजाओ और मिनटों में चींटियों की तरह तमाशबीनों की भीड़ लग जाती.. बच्चे तो बच्चे, बड़े-बूढ़े तक डमरू की गमक से खींचे चले आते थे. हाँ जमूरे.अब तो बच्चे तक नहीं ठहरते. रिक्शे में लदे, बढ़िया यूनिफार्म पहने, टा टा करते बाजू से निकल जाते हैं. पर नजर तक नहीं डालते. .देखते ही देखते सब कुछ कितना बदल गया न मदारी ने आह भरते कहा.

हाँ उस्ताद.. बन्दर-भालू के करतब देखने कैसे बच्चे उमड़े पड़ते थे.. और तो और बड़े- बूढ़े भी बच्चों की आड़ में जानवर का तमाशा देखने जुट जाते..सत्यानाश हो पी. एफ.ए. वालों का (पीपुल फॉर एनिमल्स) जिन्होंने जीव बचाओ अभियान के तहत हम गरीब जीवों को ही मार डाला.. अब भला इस डी.जे.और धमाल बाजा के युग में एक डमरू की क्या औकात कि तमाशबीन जुटा सके.. कोई भीड़ जुटा सके..जमूरे.. समझ नहीं आता कि क्या करें? इन दिनों भीड़ जुटाना बेहद "टफ" हो गया है.. ठीक है.. कई साल पुराने खेल रोज-रोज भला कौन देखेगा? लेकिन अब कोई नया खेल भी कहाँ से ईजाद करें? अब या तो हमें ये धंधा बंद कर देना चाहिए या फिर इसे "हाईटेक" करने की कोशिश करनी चाहिए. उस्ताद.अब भला मदारी के खेल को कैसे और क्या "हाईटेक" करेंगे?' जमूरे ने सवाल दागा.ठीक उसी तरह जमूरे.जैसे पिछले दिनों एक राजनीतिक पार्टी ने चुनाव-प्रचार की टेक्नोलोजी को हाईटेक किया और उसी के बल पर आसानी से चुनावी-जीत का वरण भी किया.पर उस्ताद.चुनाव-चुनाव है..उसके प्रचार-प्रसार और भीड़ जुटाने के तरीके "हाईटेक" हो सकते हैं पर मदारी के खेल में इसकी कहाँ गुंजाइश है?' जमूरे ने संदेह व्यक्त किया. हाईटेक की गुंजाइश हर फील्ड में रहती है जमूरे. ज्यादा दिमाग न खपाते हुए इन नेताओं से ही कुछ सीखो ..तुम तो पढ़े-लिखे हो न? अब इनके दिए नारे से ही हम भीड़ जुटाएंगे."अच्छे दिन आने वाले हैं" पर तुम एक स्क्रिप्ट तैयार करो.. कल रामलीला मैदान में एक नया तमाशा करते हैं. देखते हैं- भीड़ कैसे नहीं जुटती.. तमाशबीन कैसे नहीं आते. ठीक है उस्ताद.मैं कुछ सोचता हूँ. रात को लिखकर आपको बताता हूँ. दूसरा दिन. रामलीला का मैदान. सुबह के दस बजे. जमूरा चादर ओढ़े जमीन पर लेटा है और मदारी डमरू बजा जोर-जोर से चिल्ला रहा है- ' मेहरबान. कदरदान. आईये. अपने जमूरे से जानिये कि आपके अच्छे दिन कब आने वाले.. देश में तो यह नारा तैर ही रहा लेकिन कब, कैसे, कहाँ और किसका? ये किसी को नहीं मालूम..सरकार को भी नहीं मालूम..लेकिन जमूरे को सब कुछ मालूम है. आईये. आईये. आईये और अपने अच्छे दिनों का मिनटों में हिसाब लीजिये..ऐसा अवसर फिर नहीं आने वाला. थोड़ी ही देर में पूरा मैदान तमाशबीनों ने फिर एक बार खूब ताली पीटी सीटी बजाई. बाबाजी थोडा चिंतित नजर आये.


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

❒ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स




डॉ. आकांक्षा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D



डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# मिले-जुले प्रयासों से समाज और अधिक समृद्ध एवं सशक्त बनेगा: किशोर जोरग़ेवार

> बंगाली समुदाय ने किया विधायक किशोर जोरग़ेवार का अभिनंदन

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

बंगाली समाज एक ऐसा समाज है जो अपनी संस्कृति, शिक्षा और व्यावसायिक गतिविधियों में महान छाप छोड़ता है । हमारा समाज सदैव अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक रहा है और हमारा प्रयास मुख्यतः बंगाली समाज की समस्याओं का समाधान करना रहेगा। विधायक किशोर जोरग़ेवार ने कहा कि हम संयुक्त प्रयासों से समाज को और अधिक समृद्ध और मजबूत बनाएंगे ।

बंगाली समाज की ओर से विधायक किशोर जोरगेवार का श्याम नगर में सार्वजनिक अभिनंदन किया गया. इस समय वह बात कर रहे थे. मंच पर पूर्व नगरसेवक सुभाष कासनगोट्टुवार , संदीप आवारी, मनोज पाल, विश्वजीत शाह, सविता डंडारे, गुरुप्रीत मंडल, तपोश रॉय, विश्वजीत मंडल आदि उपस्थित थे.




इस मौके पर आगे बोलते हुए विधायक किशोर जोरग़ेवार ने कहा कि बंगाली कैंप , श्याम नगर इलाके में बंगाली समुदाय बड़ी संख्या में रह रहा है. हमने यहां इस क्षेत्र के विकास के लिए भारी धनराशि उपलब्ध कराई है। उन्होंने कहा कि चूंकि यह शहर का आखिरी हिस्सा था, इसलिए इसे हमेशा उपेक्षित रखा गया , लेकिन हमने निर्वाचित होने के बाद इस हिस्से के विकास को प्राथमिकता दी.

हमारी पीढ़ी हमारे समाज के हर सदस्य की प्रगति करे , समाज का हर व्यक्ति सशक्त हो , सबको समान अवसर मिले और उसी से हमारा समाज आगे बढ़ेगा।

मैं इस सम्मान के लिए बहुत आभारी हूं. इस सम्मान से मुझे सामाजिक कार्य करने की ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अंतिम वर्ग तक न्याय और सुविधाएं पहुंचाना तथा हर व्यक्ति को उत्कृष्ट शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना होगा।

बंगाली समाज न केवल एक पेशेवर समाज है , बल्कि अपने साहित्य , कला , विज्ञान और सांस्कृतिक योगदान के लिए भी प्रसिद्ध है । उन्होंने कहा कि हमारे समाज की असली ताकत शिक्षा के प्रति जुनून , कड़ी मेहनत करने की क्षमता और समाज के हर व्यक्ति को इसमें शामिल करने की क्षमता है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

# शहीद अक्षय निकुरे को भावभीनी श्रद्धांजलि

> शहीद के घर जाकर हंसराज अहीर ने शोक संवेदना व्यक्त की



**चंद्रपुर.**

पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने 24 दिसंबर को जम्मू के पुंछ में शहीद हुए वरोरा तालुका के पिंपलगांव निवासी शहीद अक्षय निकुरे के घर पहुंचे। 4 जनवरी 2025 को उन्होंने शहीद अक्षय निकुरे की छवि पर श्रद्धासुमन अर्पित किये तथा शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी।



इस अवसर पर भाजपा नेता रमेश राजुरकर, डॉ. भगवान गायकवाड, सुरेश महाजन, धनंजय पिंपलशेंडे, कृउबा समिति के निदेशक विलास ज़िले, पूर्व पंचायत समिति सदस्य वंदना दाते, शहीद अक्षय के पिता दिगंबर निकुरे, मां चंडिकाबाई निकुरे, अभय असुतकर, शरद नक्शीने, संजय बड़बरवे, संजय घरत, धीरज दारुंडे, विलास ज़िले, राहुल दादमल और पिंपलगांव के नागरिक उपस्थित थे।

इस मौके पर हंसराज अहीर ने कहा कि शहीद अक्षय का देश के लिए योगदान हमेशा याद रखा जाएगा. उन्होंने परिजनों और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि शहीद अक्षय के स्मारक की मांग सही है और हम इसके लिए हरसंभव प्रयास करेंगे.

## मिला जुला

# संभल हिंसा में सीओ चौधरी पर गोली चलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**संभल.**

उत्तर प्रदेश के संभल में नवंबर 2024 में हुई हिंसा को लेकर यूपी पुलिस लगातार ताबड़तोड़ एक्शन ले रही है। पुलिस ने हिंसा के बाद फरार हुए एक आरोपी को दिल्ली के सीलमपुर से गिरफ्तार किया है, जिसका नाम सलीम है। ये वही सलीम है, जिसने संभल के सीओ अनुज चौधरी पर गोली चलाई थी।

संभल में हिंसा के बाद सलीम दिल्ली के सीलमपुर इलाके में छिपा हुआ था, जिसकी लीड पुलिस को मिल गई थी। सलीम की गोली की वजह से ही संभल में सीओ अनुज चौधरी के अलावा एसपी केके विश्नोई भी घायल हुए थे। सीलमपुर से सलीम की गिरफ्तारी को लेकर यूपी पुलिस ने बताया है कि उसके पास से एक तमंचा 5 कारतूस और खोखे मिले हैं, जिन्हें अपने कब्जे में ले लिया गया है। सलीम पुलिस से कारतूस लूटकर फरार हो गया था। इस पर 7 आपराधिक केस दर्ज हैं। इन केसों में हत्या के प्रयास से लेकर लूट, गौकशी के अपराध शामिल हैं। हिंसा के वक्त का जो सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, उसमें भी सलीम देखा गया था। 24 नवंबर को शाही जमा मस्जिद के अंदर सर्वे के दौरान, आसपास के इलाके में और नखासा थाना इलाके के हिंदूपुर खेड़ा में हिंसा हुई थी। इस हिंसा के दौरान एसपी केके विश्नोई भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे थे, तो उस दौरान एक घर की छत से एसपी पर फायरिंग हुई थी। सीओ अनुज चौधरी भी एसपी के साथ थे और फायरिंग के चलते उन्हें भी गोली लगी थी। यूपी पुलिस ने पहले फायरिंग करने वाले आरोपी तिल्लन को दिल्ली से गिरफ्तार किया था, उसे पुलिस ने जहांगीरपुरी इलाके से उठाया था।

# किसी को अपमानित करने का इरादा नहीं

> प्रियंका गांधी पर दिये विवादित बयान पर रमेश बिधूड़ी ने मांगी माफी

**नई दिल्ली.**

बीजेपी के पूर्व सांसद और अब कालकाजी सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी पर दिए गए विवादास्पद बयान को लेकर माफी मांगी है. उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि किसी संदर्भ में मेरे द्वारा दिए गए बयान पर कुछ लोग ग़लत धारणा से राजनीतिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर बयान दे रहे हैं, उन्होंने कहा कि मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था, लेकिन फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है, तो मैं खेद प्रकट करता हूं.

रमेश बिधूड़ी ने कालकाजी इलाके में बीजेपी के एक कार्यक्रम में कहा था कि कालकाजी की सड़कों को प्रियंका गांधी के गालों जैसा बना देंगे. उनके इस विवाद के बाद सियासी पारा गरमा गया है. बिधूड़ी के बयान पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी हमलावर है.रमेश बिधूड़ी के बयान पर दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा कि बीजेपी एक महिला विरोधी पार्टी है, ये डरावना है कि दिल्ली में कानून और व्यवस्था की समस्या बीजेपी सरकार के अधीन है. अगर बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी ऐसी अभद्र टिप्पणी करते हैं, तो पार्टी महिलाओं को कैसे सुरक्षित महसूस कराएगी? केवल कालकाजी ही नहीं, मुझे यकीन है कि दिल्ली के सभी मतदाता रमेश बिधूड़ी द्वारा दिए गए बयान का मुंहतोड़ जवाब देंगे.

# पीएम मोदी ने नमो भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे दिल्ली खंड का उद्घाटन किया. पहली बार नमो भारत ट्रेनें अंडरग्राउंड चलती नजर आएगी. बता दें कि मेरठ साउथ से साहिबाबाद के बीच पहले से ही नमो भारत ट्रेनें फर्राटा भर रही हैं. पीएम मोदी दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर के 13 किमी लंबे हिस्से का उद्घाटन किया जो साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच स्थित है. यह कॉरिडोर दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा को और भी सुविधाजनक बनाएगा. सुरक्षा की दृष्टि से सुबह सात बजे से लेकर कार्यक्रम की समाप्ति तक ट्रैफिक भी डायवर्ट रहा. पीएम ने मेट्रों में बच्चों के साथ सफर किया. इस सेक्शन पर संचालन शुरू होने के साथ, मेरठ शहर अब नमो भारत के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सीधे जुड़ जाएगा. इससे यात्रा का समय घट जाएगा. यात्री न्यू अशोक नगर से मेरठ दक्षिण तक केवल 40 मिनट में यात्रा कर सकेंगे.इसके अलावा, यह परियोजना दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा को और भी सुविधाजनक बनाएगी और दोनों शहरों के बीच व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देगी.



# पाकिस्तान की हानिया का बॉलीवुड के लिए दिखा प्यार



पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर की अपने देश के साथ ही साथ भारत में काफी बड़ी फैन फॉलोइंग है. टीवी ड्रामा के साथ ही साथ वो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. बीच में वो पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ और सिंगर रैपर बादशाह के कॉन्सर्ट में भी शामिल हुई थीं. हालांकि इधर बीच एक बार फिर वो लोगों के बीच चर्चा में बनी हुई हैं, जिसकी वजह उनका वायरल हो रहा डांस का वीडियो है. दरअसल, हाल ही में एक्ट्रेस उनकी को-स्टार की बहन की शादी के फंक्शन में शामिल हुईं. इस दौरान उन्होंने कई सारी डांस परफॉर्मेंस भी दी हैं.

हानिया आमिर, पाकिस्तानी एक्ट्रेस याशना गिल की बहन अरूबा गिल की ढोलकी में शामिल हुई थीं, जहां उन्होंने अपना शानदार डांस परफॉर्मेंस के साथ समां बांध दिया है. एक्ट्रेस के साथ और भी कई सारे लोग इस परफॉर्मेंस का हिस्सा बने हुए हैं. हानिया ने बॉलीवुड के पॉपुलर गानों पर अपने डांस के जरिए लोगों का दिल जीता है. एक वीडियो में हानिया याशना के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित और मनीषा कोइराला के गाने 'लज्जा' फिल्म के गाने कंगना-कंगना पर थिरकते दिख रही हैं, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं.

इसके साथ ही हानिया ने सभी के साथ मिलकर कटरीना कैफ के फेमस गाने चिकनी चमेली पर भी डांस किया. इतना ही नहीं उनका परफॉर्मेंस की लिस्ट में संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी के गाने आइला रे लड़की मस्त मस्त, जैजी बी के हिट गाने दिल लुटिया और दो धारी तलवार जैसे और भी कई सारे बॉलीवुड के गाने भी शामिल थे. इस फंक्शन में हानिया ने हरा और सिल्वर रंग का लंहगा पहना हुआ है, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर भी किया है.

हालांकि, इससे पहले भी एक बार और हानिया आमिर साउथ एक्टर प्रभास और जूनियर एनटीआर की फिल्म आरआरआर के नाथू नाथू गाने पर डांस करते दिखी थी. वो वीडियो भी किसी शादी के फंक्शन का था, जो काफी वायरल हुआ. हानिया के चर्चा में रहने की बात करें, तो कुछ वक्त पहले तक उनकी और बादशाह की डेटिंग की अटकलें लगाई जा रही, क्योंकि वो कई बार सिंगर के साथ टाइम स्पेंड करते और कॉन्सर्ट इंजॉय करते दिख रही थीं.

# लवयापा टाइटल ट्रैक आउट



बॉलीवुड स्टार आमिर खान के बेटे जुनैद खान पिछले काफी समय से अपनी आने वाली मूवी 'लवयापा' को लेकर चर्चा में हैं। 'महाराजा' के बाद ये उनके करियर की दूसरी फिल्म है। फैंटम स्टूडियोज और एजीएस एंटरटेनमेंट द्वारा प्रोड्यूस और अद्वैत चंदन द्वारा डायरेक्टेड फिल्म 'लवयापा' ने अपनी घोषणा के बाद से ही लोगों में काफी एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। ये फिल्म जुनैद खान और खुशी कपूर की पहली थिएटर रिलीज है। ये पहली बार है जब जुनैद रोमांटिक कॉमेडी में नजर आएंगे। फैंस इस नई जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं।


इस फिल्म में जुनैद की जोड़ी एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की बहन और खुशी कपूर के साथ दिखाई देगी। आज इसका पहला गाना रिलीज हो गया है।'लवयापा' एक हल्की-फुल्की और मजेदार कहानी के साथ दर्शकों को कुछ नया दिखाने का वादा करती है। ऐसे में, अब मेकर्स ने फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है, जो इस साल का लव एंथम बनने के लिए तैयार है। टाइटल ट्रैक पूरी तरह से एनर्जी से भरपूर है, जिसमें जोश भरे बीट्स और ऐसे लिरिक्स हैं जो युवाओं और गेन-जेड को खूब पसंद आएंगे। गाने का कनेक्ट करने वाला अंदाज फिल्म की बड़ी अपील की ओर इशारा करता है। इससे साफ है कि 'लवयापा' युवा दर्शकों के बीच हिट साबित होगी, और फिल्म की रिलीज को लेकर एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है।'लवयापा' मॉडर्न रोमांस की दुनिया में बसी एक दिल छू लेने वाली कहानी है, जो शानदार परफॉर्मेंस, जोशीले म्यूजिक और खूबसूरत विजुअल्स से सजी हुई है।

# स्त्री' यूनिवर्स में सलमान-शाहरुख की एंट्री



दिनेश विजान का हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स तेजी से फैलता चला जा रहा है। 'स्त्री' और 'भेड़िया' के बाद उन्होंने 'स्त्री-2' और 'मुंज्या' जैसी फिल्में दी हैं। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही हैं, लेकिन अब फैंस को इस यूनिवर्स की अन्य फिल्मों का इंतजार है जिनमें आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'थामा' भी शामिल है। मेकर्स ने फिल्म का अनाउंसमेंट किया था और बताया था कि 'स्त्री' यूनिवर्स में एक रोमांटिक जोड़ी की कमी थी जो कि इस फिल्म के जरिए जुड़ेगी। लेकिन इसी बीच खबर आई है कि मेकर्स अपना बजट बढ़ाने के बारे में सोच रहे हैं और सलमान खान और शाहरुख खान जैसे स्टार्स को इस यूनिवर्स से जोड़ने के बारे में सोच रहे हैं। तो क्या वाकई शा-हरुख-सलमान इस यूनिवर्स को जॉइन करने वाले हैं? सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल है जिसमें दावा किया जा रहा है कि 'दूसरा महायुद्ध' नाम की एक फिल्म में शाहरुख और सलमान खान दोनों एक साथ आने वाले हैं। फिल्म की रिलीज डेट भी इसी पोस्ट में दी गई है और बताया गया है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में 18 अक्तूबर 2028 को रिलीज होगी। यह सोशल मीडिया पोस्ट देखकर लग रहा है कि सलमान खान और शाहरुख खान की इस फिल्म के बारे में विकीपीडिया पर दिया गया है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में इस यूनिवर्स की बाकी की कास्ट को भी शामिल किया गया है।

# अभिजीत भट्टाचार्य कर रहे यू-टर्न



इस वीकेंड सोनी एंटरटेनमेंट टीवी पर सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल सीजन 15 एक स्पेशल एपिसोड आएगा। इसमें संगीत जगत की दिग्गज हस्तियां शामिल होंगी। इनमें ललित पंडित, अभिजीत भट्टाचार्य, साधना सरगम, साथ ही अभिजीत भट्टाचार्य की पत्नी सुमति भट्टाचार्य और सदाबहार अभिनेत्री प्रीति झंगियानी शामिल हैं। इसी के एक प्रोमो में अभिजीत ने कंटे-स्टेंट मानसी से उनकी शादी में गाने का वादा कर दिया। इससे नेहा कक्कड़ के साथ उनकी पुरानी बहस फिर से शुरू हो सकती है। दरअसल, इंडियन ऑडल के लेटेस्ट एपिसोड में क्रेजी गर्ल मानसी ने अभिजीत भट्टाचार्य से उनकी राय पूछती है, एक वीडियो का हवाला देते हुए जिसमें उन्होंने गायकों के खिलाफ बात की थी, जो सार्वजनिक मनोरंजन के लिए गाते हैं।अभिजीत ने तब मजाकिया अंदाज में जवाब दिया- 'आप सब मुझे कितना डांटेंगे? सच बताऊं, मैंने अपनी शादी में गाना नहीं गाया क्योंकि माहौल सही नहीं था। और उस निराशा के पल में कि मैं अपनी शादी में नहीं गा रहा था, मेरे ससुर ने मुझे सूट सिलने के पैसे नहीं दिए! शादियों में भावपूर्ण गीत होने चाहिए, लेकिन मैं आपकी शादी में बैंड के साथ जरूर गाऊंगा। मैं, ललित, विशाल और श्रेया गाएंगे।'जिन लोगों को नहीं पता उन्हें बता दें कि एक सिंगिंग रियलिटी शो के मंच पर अभिजीत ने शादियों में गाना गाने को लेकर अभिजीत भट्टाचार्य ने नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने तब कहा था- 'मैं तो कभी किसी भी इस तरह के इवेंट में गाना नहीं गाऊंगा, क्योंकि 1 करोड़ कमाने और एक करोड़ ठुकराने में बड़ा अंतर होता है।' वहीं सिंगर नेहा कक्कड़ शादी में गाने को लेकर पक्ष में थीं, जिसके लिए कभी उन्होंने नेहा कक्कड़ को फटकार लगाई थी। इसी का एक पुराना वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# हॉरर-कॉमेडी 'मुंज्या' का बन रहा है पार्ट-2




2024 में हॉरर-कॉमेडी मूवी 'मुंज्या' ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। आदित्य सरपोतदार की डायरेक्शन में बनी 'मुंज्या' ने 132 करोड़ रुपये की कमाई की थी वर्ल्डवाइड। इसका बजट बस 30 करोड़ रुपये था। अब इसका दूसरा पार्ट भी बनने जा रहा है। इसकी रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है।

मैडॉक फिल्म्स ने इसके दूसरे पार्ट की अनाउंसमेंट कर दी है। कल ही उन्होंने इसकी अनाउंसमेंट अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दी। उन्होंने इसके दूसरे पार्ट का नाम रखा है महा मुंज्या। खास बात ये है कि उन्होंने इसके साथ अपनी कई दूसरी फिल्मों की रिलीज डेट भी बताई है।

निर्माता दिनेश विजान की कंपनी मैडॉक फिल्म्स ने अपनी अपनी आने वाली आठ फिल्मों की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इसकी एक पोस्ट शेयर करते हुए मैडॉक फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा -दिनेश विजान ने #मैडॉक कॉमेडीयूनिवर्स की शैली को परिभाषित करने वाली 8 ड्रामा फिल्में प्रस्तुत की हैं, जो आपको हंसी, डरावने, रोमांच और चीखों की एक जंगली सफर पर ले जाएंगा!यानी शरवरी वाघ और अभय वर्मा की मुंज्या का पार्ट 2 साल 2027 में 24 दिसंबर को रिलीज होगा। इस बार इसे क्रिसमस के फेस्टिवल पर रिलीज करने की तैयारी है। यानी छुट्टियों का मजा दोगुना होने जा रहा है 2027 में।

फिल्म के पहले पार्ट की बात करें तो इसमें साउथ स्टार सत्यराज, शरवरी वाघ, अभय वर्मा और मोना सिंह जैसे कलाकार हैं। बताया जा रहा है कि इन्हीं के साथ ही महा मुंज्या को बनाया जाएगा। फिल्म की कहानी एक ब्रह्मराक्षस पर आधारित है। जिसका प्यार अधूरा रह जाता है। वही मुंज्या बनकर अभय वर्मा और शरवरी वाघ को परेशान करता है।

# कंगना से भिड़ने को तैयार अजय देवगन के भांजे



साल 2025 की शुरुआत हो चुकी है. साल शुरू होने के साथ ही सिनेमाघरों में नई-नई फिल्मों की रिलीज होने का भी सिलसिला शुरू होने वाला है. इस महीने कई बड़े स्टार्स की फिल्में आ रही हैं. कुछ स्टार्स ऐसे हैं, जो एक ही दिन अपनी फिल्मों को रिलीज कर रहे हैं. इस महीने बॉक्स ऑफिस पर दो बार क्लैश हो रहा है. पहला क्लैश सोनू सूद और राम चरण की फिल्म के बीच है. तो वहीं दूसरा क्लैश कंगना रनौत और अजय देवगन के भांजे अमन देवगन की डेब्यू फिल्म के बीच है. चलिए इन तमाम फिल्मों के बारे में जानते हैं. राम चरण 'गेम चेंजर' के नाम से एक फिल्म लेकर आ रहे हैं. ये फिल्म 10 जनवरी को रिलीज होने वाली है. इसी दिन सोनू सूद की फिल्म 'फतेह' भी रिलीज होने वाली है. यानी एक बार फिर से साउथ और बॉलीवुड फिल्मों के बीच टक्कर होने वाली है.'गेम चेंजर' में राम चरण के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी नजर आने वाली हैं. एस. शंकर ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है. 'फतेह' में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडिस हैं. लीड एक्टर होने के साथ-साथ सोनू इस फिल्म के डायरेक्टर भी हैं.

17 जनवरी को 'आजाद' नाम की एक फिल्म रिलीज हो रही है. इस फिल्म के जरिए अजय देवगन के भांजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा ठडानी बॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं. अजय देवगन भी इस फिल्म का हिस्सा हैं. इसी दिन कंगना रनौत भी अपनी फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज कर रही हैं, जो देश में लगे आपातकाल पर आधारित है. 'इमरजेंसी' की रिलीज पहले कई बार पोस्टपोन हो चुकी है. बहरहाल, अब देखना होगा कि इन क्लैश में बॉक्स ऑफिस पर कौन सी फिल्म बाजी मारती है और किस फिल्म को हार का सामना करना पड़ता है.

# 'स्त्री 3' की रिलीज डेट आई सामने




साल 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक रही 'स्त्री 2' का क्रेज अब तक खत्म भी नहीं हुआ था कि फैंस को बड़ी खुशखबरी मिल गई है। स्त्री 2 के बाद से ही फैंस स्त्री 3 का इंतजार कर रहे थे जो अब खत्म हो गया है। स्त्री 3 की रिलीज डेट सामने आ गई है। स्त्री 3 के साथ ही वरुण धवन की फिल्म भेड़िया 2 भी कब और किस दिन बॉक्स ऑफिस पर दस्तक देगी ये पता चल गया है। इसके साथ ही मुंज्या का दूसरा भाग कब बॉक्स ऑफिस पर दस्तक देगा ये भी पता चल गया है। अब जैसे ही ये खबरें आई सोशल मीडिया पर धमाल मच गया। फैंस बेचैन हो गए कि स्त्री 3 में कौन-कौन स्टार्स होंगे और भेड़िया और मुंज्या कब आएंगी। 'स्त्री 3' की बंपर कमाई के बाद से ही फिल्म को लेकर एक बज बना हुआ था, लेकिन मेकर्स ने अब हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री 3 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट में भी राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर लीड रोल में नजर आएंगे और इसका निर्देशन अमर कौशिक करेंगे। जानकारी देते हुए सामने आया है कि 'स्त्री 3' साल 2027 में रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म्स ने जो अनाउंसमेंट की है उसके मुताबिक 'स्त्री 3' साल 2027 में 13 अगस्त, को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। शूटिंग के लिए टीम कुछ नई लोकेशन पर भी शूट करेगी, जिससे फिल्म में एक नई और ताजगी देखने को मिलेगी। इस बार फिल्म की स्टोरी लाइन और स्क्रिप्ट पर खास ध्यान दिया जा रहा है ताकि यह दर्शकों के बीच एक गहरा असर छोड़ सके। साथ ही, मैडॉक सुपरनैचुरल यूनिवर्स (एमएसयू) के आधिकारिक प्रोडक्शन स्टूडियो ने कई और मोस्ट अवेटेड फिल्मों की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है। जिनमें 'शक्ति शालिनी', 'भेड़िया 2' और 'चामुंडा'

# अभिषेक-ऐश्वर्या और बेटी आराध्य दिखे एक साथ



बॉलीवुड की सबसे चर्चित कपल अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन की चर्चा सोशल मीडिया पर एक बार फिर जोरो पर है। ऐश्वर्या-अभिषेक को बेटी आराध्या के साथ आज, शनिवार सुबह को एयरपोर्ट से निकलते देखा गया। कपल कुछ दिनों पहले ही नए साल का जश्न मनाने के लिए वेकेशन पर गए थे। अब वो मुंबई लौट आए हैं।

पिछले कुछ समय से अभिषेक-ऐश्वर्या एक साथ नहीं दिख रहे थे। ऐसे में सोशल मीडिया पर इस बात की चर्चा थी कि अभिषेक-ऐश्वर्या अलग हो गए हैं। दोनों बहुत जल्द तलाक लेने वाले हैं। लेकिन अब अभिषेक-ऐश्वर्या एक साथ वीडियो सामने आने के बाद सभी अफवाहों पर पूर्ण विराम लग गया है।

इससे पहले भी कपल ने बेटी आराध्या के स्कूल 'धीरूभाई अंबानी' के एनुअल फंक्शन में पहुंचकर नेटिजेंस को करारा जवाब दिया था। इधर फैंस दोनों को एक साथ देखकर बेहद खुश हैं। वायरल हो रहे वीडियो के कमेंट में एक फैन ने लिखा- 'आखिरकार यह देखकर बहुत खुशी हुई कि वे साथ हैं। लोगों को यह समझने की ज़रूरत है कि हर शादी पब्लिसिटी स्टंट के लिए नहीं होती। कुछ लोग सामाजिक जीवन से ज्यादा अपनी निजता को महत्व देते हैं'दूसरे यूजर ने लिखा- "ये समाज है यहाँ किसी को नहीं छोड़ते, आपको काफी समय से एक साथ देख कर अच्छा लगा, कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना" एक नेटिजेंस ने लिखा- 'ब्रेकअप नहीं हुआ क्या?' 'अब तक तलाक नहीं हुआ.

# डब्ल्यूटीसी फाइनल की रेस से बाहर हुआ भारत

**सिडनी.**



टीम इंडिया के लिए ऑस्ट्रेलियाई दौरा काफी खराब रहा. बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में भारतीय टीम को 1-3 से हार का सामना करना पड़ा. दोनों टीमों के बीच इस सीरीज का आखिरी मैच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया. टीम इंडिया को सीरीज को बराबरी पर खत्म करने के लिए इस मुकाबले को हर हाल में जीतना था, लेकिन उनसे 3 दिन में ही मैच गंवा दिया. इस हार का असर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पर भी पड़ा है. टीम इंडिया की अब फाइनल में पहुंचने की सारी उम्मीदें टूट गई हैं.

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के फाइनल की रेस से अब भारत बाहर हो गया है. टीम इंडिया को रेस में बने रहने के लिए ये सीरीज हर हाल में बराबरी पर खत्म करनी थी. लेकिन वह ऐसा करने में नाकाम रही. यानी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में ये पहला मौका होगा जब फाइनल मैच टीम इंडिया के बिना खेला जाएगा. इससे पहले पिछली दोनों बार भारतीय टीम ने फाइनल में अपनी जगह बनाई थी. लेकिन इस बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के चक्र में टीम इंडिया कुछ खास नहीं कर सकी. उसने ऑस्ट्रेलिया के साथ-साथ न्यूजीलैंड के खिलाफ भी टेस्ट सीरीज गंवाई, जो भारत में ही खेली गई थी.

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की शुरुआत टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ की थी. ये सीरीज भारतीय टीम ने 1-0 से अपने नाम की थी. इसके बाद साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली गई 2 मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 की बराबरी पर खत्म हुई. इसके बाद टीम इंडिया का सामना इंग्लैंड से हुआ. इस सीरीज में टीम इंडिया ने 4-1 से बाजी मारी. इसके बाद बांग्लादेश को भी 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 से हराया. लेकिन इसके बाद उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा और अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी हार मिली.

**इन टीमों के बीच खेला जाएगा फाइनल मैच**

टीम इंडिया के बाहर होने के साथ अब ये भी तय हो गया है कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल मैच ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा. साउथ अफ्रीका ने पहले ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी और अब ऑस्ट्रेलिया ने भी फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है. बता दें, पिछली बार की

# विदर्भ ने छत्तीसगढ़ को 39 रन से हराया



**कटक.**

विदर्भ महिला अंडर-23 टीम ने कटक में छत्तीसगढ़ के खिलाफ अपनी टी20 ट्रॉफी ग्रुप एफ की शुरुआत 39 रन की शानदार जीत के साथ की. पहले बल्लेबाजी करते हुए विदर्भ ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 136 रन बनाया,ओपनर सायली शिंदे ने 32 रन की शानदार पारी खेली। मानसी पांडे (30), प्रेरणा रणदिवे(26) और आयुषी ठाकरे (21) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। जवाब में छत्तीसगढ़ केवल 97 रन ही बनाकर 19.4 ओवर में आउट हो गयी। विदर्भ के लिए तन्वी पवित्राकर ने 12 रन देकर 3 विकेट लिए और जान्हवी रंगनाथन (2/13) ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन किया।

संक्षिप्त स्कोर: विदर्भ 136/7 , 20 ओवर (सायली शिंदे 32, मंसी पांडे 30, प्रेर्णा रांडीव 26, आयुषी ठाकरे 21; अंशि अग्रवाल 3/21), छत्तीसगढ़ 97 आल आउट इन 19.4 ओवर (मांशी मौर्य 21, ऐश्वर्या सिंह 21; तन्वी पवित्राकर 3/12, जान्हवी रंगनाथन 2/13)

# विजय मर्चेंट ट्रॉफी में सहवाग के बेटे ने किया धमाल



**नई दिल्ली.**

पूर्व भारतीय स्टार क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग के छोटे बेटे ने अपने पापा की तरह ऑफ स्पिन का जाल बुनकर कहर करपा दिया है. विजय मर्चेंट ट्रॉफी के मुकाबले में 14 साल के वेदांत सहवाग ने अपनी कमाल की गेंदबाजी से दिल्ली अंडर 16 टीम को सौराष्ट्र के खिलाफ बड़ी बढ़त दिला दी. वेदांत ने पांच विकेट लेकर सौराष्ट्र की पहली पारी को 163 रन पर समेट दिया और दिल्ली को 71 रन की बढ़त दिला दी. पहले बैटिंग करते हुए दिल्ली ने पहली पारी में 79.2 ओवर में 234 रन बनाए. दिल्ली के लिए सबसे ज्यादा 61 रन अश्मित जिंदल ने बनाए.

जवाब में उतरी सौराष्ट्र को वीरेंद्र सहवाग के छोटे बेटे ने अपनी ऑफ स्पिन में ऐसे फंसाया कि पूरी टीम में उनके सामने घुटने टेक दिए. वेदांत ने 20.1 ओवर में 37 रन देकर पांच विकेट लिए. उन्होंने ओपनर युग वघानी,कप्तान धार्मिक जसानी, कर्म, म्रुदांग जोशी और शुभ दाहिमा का शिकार किया. वेदांत की खौफनाक गेंदबाजी के आगे सौराष्ट्र के धुरंधर टिक नहीं पाए और 65.1 ओवर में ही पूरी टीम ऑलआउट हो गई. सौराष्ट्र के लिए पहली पारी में सबसे ज्यादा 68 रन ओपनर हर्षवर्धन तन्ना ने बनाए. उनके अलावा हर्ष परमार ने 30 रन बनाए. इन दोनों के अलावा सौराष्ट्र का कोई और बल्लेबाज 17 रन के स्कोर से ऊपर ही नहीं बढ़ पाया.

वेदांत इस टूर्नामेंट में कमाल की फॉर्म में चल रहे हैं. इससे पहले उन्होंने पंजाब के खिलाफ दिल्ली अंडर 16 के लिए चार विकेट होल लिया था. उन्होंने आदविक सिंह को

# विदर्भ ने मिजोरम को 10 विकेट से हराया

**विजयनगर.**




विदर्भ की लगातार छठी जीत थी और उन्होंने 24 अंकों के साथ ग्रुप डी में टॉप करके क्वार्टरफाइनल में स्थान बनाया। रविवार को विदर्भ के गेंदबाजों, जिनकी अगुवाई हार्ष दुबे ने की, ने मिजोरम को महज 72 रन पर ऑलआउट कर दिया। दुबे ने 21 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि पार्थ रेखड़े और आदित्य ठाकरे ने 2-2 विकेट लेकर मदद की। दुबे को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला।विदर्भ के ओपनर्स अथर्व तैडे और अपूर्व वांखड़े ने केवल 8.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। वांखड़े ने 30 गेंदों पर 50 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें चार चौके और चार छक्के शामिल थे, जबकि तैडे ने 21 रन बनाकर नाबाद रहे। विदर्भ के हार्ष दुबे को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मैच रेफरी शक्ति सिंह और अंपायर रोहन पंडित और विनीत कुलकर्णी से प्राप्त करते हुए।

संक्षिप्त स्कोर: मिजोरम 72 ऑलआउट 22.1 ओवर में (हार्ष दुबे 4/20, पार्थ रेखड़े 2/1, आदित्य ठाकरे 2/21, यश कदम 2/6)

विदर्भ 73/0 8.5 ओवर में (अथर्व तैडे 21 नाबाद, अपूर्व वांखड़े 50 नाबाद) परिणाम: विदर्भ ने 10 विकेट से जीत दर्ज की।

# 'हमको क्रिकेट खेलना नहीं आता

**सिडनी.**





भारत के सिडनी टेस्ट और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी गंवाने के बाद सुनील गावस्कर का गुस्सा सामने आया। उन्होंने टीम मैनेजमेंट और कप्तान रोहित शर्मा पर तीखा हमला बोला, हालांकि उन्होंने सीधे तौर पर किसी का नाम नहीं लिया। लेकिन उन्होंने रोहित शर्मा के एक दिन पहले दिए गए इंटरव्यू का जवाब देकर कुछ बातों को साफ कर दिया. गावस्कर ने यह कहा कि पूर्व क्रिकेटरों को क्रिकेट की समझ नहीं होती और इसलिए वे टीम को सलाह देने का कोई हक नहीं रखते। उन्होंने कहा कि हमको क्रिकेट खेलना नहीं आता, हमें मत सुनिए। गावस्कर का यह बयान रोहित शर्मा द्वारा दिए गए उस बयान के बाद आया जिसमें रोहित ने पूर्व क्रिकेटरों और पत्रकारों को आलोचना करते हुए उनके बारे में सवाल उठाए थे।

रोहित के इस बयान ने गावस्कर को काफी नाराज कर दिया और उन्होंने जवाब में अपनी बात रखी। जिसमें उन्होंने कहा कि पुराने खिलाड़ियों को क्रिकेट का वास्तविक ज्ञान होता है और वे जो भी राय देते हैं, वह टीम के हित में ही होती है। गावस्कर का यह गुस्सा एक तरह से यह भी बताता है कि क्रिकेट की पूर्व पीढ़ी और वर्तमान पीढ़ी के बीच एक प्रकार की विचारधारा की असहमति बढ़ रही है।गावस्कर से पूछा गया कि क्या भारत को विदेश दौरे से पहले प्रैक्टिस मैच खेलकर बेहतर तैयारी करनी चाहिए, तो उन्होंने एक तीखा जवाब दिया। गावस्कर ने कहा कि अरे हमको कुछ नहीं आता, हमें क्रिकेट नहीं पता है। हम तो बस टीवी पर बोलने के लिए हैं। हमारी बात मत सुनिए। उसे सिर के ऊपर से जाने दीजिए।यह बयान आलोचना का विषय बन गया क्योंकि यह रोहित शर्मा पर टिप्पणी था। रोहित ने एक दिन पहले इंटरव्यू में कहा था कि ये टीवी पर बोलने वाले उन्हें नहीं बताएंगे कि उन्हें क्या करना है .

# श्रीलंका को हराकर न्यूजीलैंड ने किया कमाल

**नई दिल्ली.**

.न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 विकेट से जीत हासिल की। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने 3 मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की टीम 43.4 ओवर में सिर्फ 178 रन बना पाई। श्रीलंका के बल्लेबाजों का प्रदर्शन बेहद खराब रहा, और पूरी टीम को सस्ते में आउट कर दिया गया।श्रीलंका की तरफ से कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहा, और टीम के रन धीरे-धीरे गिरते गए। न्यूजीलैंड ने 178 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। कीवी टीम ने सिर्फ 1 विकेट खोकर 26.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने बेहतरीन साझेदारियों के साथ आसानी से लक्ष्य को प्राप्त किया। न्यूजीलैंड के तेज और आक्रामक खेल के कारण मैच जल्दी समाप्त हो गया, और श्रीलंका को बड़ी हार का सामना करना पड़ा।कीवी टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर का टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय पूरी तरह से सही साबित हुआ। श्रीलंका की टीम दबाव में आ गई और 23 रन पर ही उनके 4 बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। इस कठिन स्थिति में अविष्का फर्नांडो ने शानदार 56 रन की पारी खेली और अकेले संघर्ष करते हुए टीम का स्कोर बढ़ाया। कीवी टीम के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, खासकर मैट हेनरी, जिन्होंने 4 विकेट झटके और श्रीलंका को बड़ा स्कोर बनाने का मौका नहीं दिया। फर्नांडो का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने 63 गेंदों पर 56 रन बनाकर अपनी बल्लेबाजी का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। 6 चौके और 1 छक्का उनकी आक्रामक बल्लेबाजी को बताता है। यह उनके वनडे करियर का 9वां अर्धशतक था और कीवी टीम के खिलाफ पहला अर्धशतक है। अब तक 48 वनडे मैचों में उन्होंने 47 पारियों में 33.21 की औसत से 1,561 रन बनाए हैं। हेनरी ने 10 ओवर में 1 मेडन ओवर सहित केवल 19 रन खर्च किए और 4 विकेट लिए। उनकी इकॉनमी रेट 1.90 रही, जो उनके काबिलियत को बताता है। यह भी उल्लेखनीय है कि यह उनका वनडे क्रिकेट में 11वां मौका था जब उन्होंने 4 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ तीसरी बार यह कारनामा किया है और अब तक 13 वनडे मैचों में 15.39 की औसत से 28 विकेट झटके हैं।

# लूसी हैमिल्टन बनी कप्तान

मलेशिया में 18 जनवरी से शुरू होने वाले आगामी आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान किया गया है। तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को ऑस्ट्रेलिया का कप्तान बनाया गया है। लेग स्पिनर हसरत गिल को 16 टीमों के इस टूर्नामेंट के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया है।

वर्ष 2023 में लूसी 16 साल की उम्र में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में हिस्सा ले चुकी हैं। वह लगातार दूसरी बार अंडर-19 विश्व कप में खेलेंगी। इस ऑलराउंडर ने 2022 में क्वींसलैंड फायर के लिए 15 साल की उम्र में अपना पहला मैच खेला था, जिससे वह राज्य की दूसरी सबसे कम उम्र की डेब्यू खिलाड़ी बन गई थीं। हालाकि उन्होंने 16 साल की उम्र में डब्ल्यूबीबीएल में डेब्यू किया था।

बाएं हाथ से तेज गेंदबाजी करने वाली लूसी डब्ल्यूबीबीएल के इतिहास में 5 विकेट लेने वाली

# हरभजन सिंह की फैन से हुई बहस



टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते हैं और अपने दिल की बात रखने से नहीं चूकते. हालांकि, कई बार ऐसे में उनका गर्म मिजाज भी सामने आ जाता है और वो झगड़ों में उलझ जाते हैं. मैदान पर तो कई बार ऐसा देखने को मिला था लेकिन अब सोशल मीडिया पर भी कभी-कभार ऐसा देखने को मिल जाता है. एक बार फिर कुछ ऐसा हुआ है, जहां उनकी एक क्रिकेट फैंस से बहस हो गई. ये बहस टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को लेकर हुई, जिन्हें सिडनी टेस्ट से ड्रॉप किया गया था. इस बहस में हरभजन ने इशारों-इशारों में टीम इंडिया के दिग्गज पूर्व कप्तान एमएस धोनी को भी निशाना बना दिया.

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे सिडनी टेस्ट मैंच के लिए कप्तान रोहित को प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया था. रोहित को खराब फॉर्म के कारण इस मैच से बाहर किया गया था. हालांकि टीम इंडिया का यही कहना था कि रोहित ने खुद ही टीम के हित में ये फैसला लिया है क्योंकि वो रन नहीं बना पा रहे थे. वहीं मैच के दूसरे दिन शनिवार को रोहित शर्मा ने ब्रॉडकास्टर एक इंटरव्यू भी दिया और इसमें उन्होंने बताया कि वो टीम को मुश्किल में डालने वालों में से नहीं हैं और हमेशा टीम के भले के हिसाब से सोचते हैं.

एक क्रिकेट फैन ने जब रोहित के इंटरव्यू पर सवाल उठाया तो हरभजन ने उस पर जवाब दिया कि पहले उन्हें रोहित शर्मा का पूरा इंटरव्यू ढंग से सुनना चाहिए. हरभजन ने साथ ही कहा कि रोहित ने जो किया (खुद को ड्रॉप) वो किसी भी भारतीय कप्तान ने विदेशों में कई सीरीज हारने और रन न बनाने के बावजूद भी नहीं किया. हरभजन ने नाम तो नहीं लिया लेकिन ये इशारा एमएस धोनी की ओर था, जो 2011-12 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज हारे थे.

इसके बाद एक और यूजर ने रोहित पर सवाल खड़ा किया और कहा कि लीडर बीच मैदान से भागते नहीं हैं. इस यूजर ने धोनी को असली लीडर बताते हुए कहा कि उन्होंने सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने का दम दिखाया था. इस पर हरभजन ने जवाब दिया और लिखा, "मैं जानता हूँ कौन भागा था... याद दिलाऊं? कारण भी बताऊंगा. रोंगटे खड़े हो जाएंगे". एक बार फिर हरभजन ने नाम नहीं लिया लेकिन उनका इशारा 2014-14 के ऑस्ट्रेलिया दौरे की ओर था, जिसमें धोनी ने सीरीज के बीच मेलबर्न टेस्ट के बाद संन्यास ले लिया था.

एमएस धोनी के साथ हरभजन के रिश्ते अच्छे नहीं रहे हैं और लंबे समय से वो इशारों-इशारों में धोनी

# गंभीर से हुआ कोहली-रोहित के रिटायरमेंट पर सवाल

**सिडनी.**




भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला सिडनी में खेला गया. इस मुकाबले में भारतीय टीम को 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 162 रनों का टारगेट दिया था, जिसे उसने खेल के तीसरे दिन (5 जनवरी) के दूसरे सेशन में हासिल कर लिया. इस हार के चलते भारतीय टीम ने 10 साल बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी भी गंवा दी. साथ ही डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने का उसका सपना टूट गया. सिडनी टेस्ट की समाप्ति के बाद टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया. इस दौरान गौतम गंभीर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा पर भी बात की. गंभीर से जब रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास पर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वो किसी खिलाड़ी का फ्यूचर तय नहीं कर सकते हैं. गंभीर ने भारतीय खिलाड़ियों को खास नसीहत दी.

गौतम गंभीर ने कहा, 'मैं किसी भी खिलाड़ी के फ्यूचर पर टिप्पणी नहीं कर सकता, यह उन पर निर्भर है. उनमें भूख और प्रतिबद्धता है. उम्मीद है कि वे भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने के लिए वह सब कुछ करेंगे जो वे कर सकते हैं. मैं हमेशा चाहूंगा कि हर कोई घरेलू क्रिकेट खेले, अगर वे उपलब्ध हों. अगर आप टेस्ट मैचों के लिए प्रतिबद्ध हैं तो घरेलू क्रिकेट खेलें.'

गौतम गंभीर ने बताया, 'ट्रांजिशन के बारे में बात करना अभी जल्दबाजी होगी, पता नहीं 5 महीने बाद हम कहां होंगे. ड्रेसिंग रूम को खुश रखने के लिए मुझे हर किसी के प्रति ईमानदार और निष्पक्ष रहना होता है. बता दें कि भारतीय टीम को अब अगली टेस्ट सीरीज जून-जुलाई में इंग्लैंड में खेलनी है.गंभीर ने कहा, 'मैं यह नहीं कहना चाहता कि चूंकि जसप्रीत बुमराह नहीं थे, इसलिए हम जीत नहीं प्राप्त कर सके. हमारे पास मोमेंट्स थे, और अगर वह होते तो ठीक होता. हमारे पास अभी भी 5 गेंदबाज थे. एक अच्छी टीम को किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं होना चाहिए. हम मैच नहीं जीत सके, बस सिंपल सी बात है. जसप्रीत बुमराह इंजरी के चलते दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके.

गंभीर से ऑस्ट्रेलियाई कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड की उस टिप्पणी पर भी सवाल किए गए. कंगारू कोच ने कहा था कि सैम कोंस्टास को पहले दिन के खेल के अंत में भारतीय खिलाड़ी डरा-धमका रहे थे. गंभीर ने कहा, 'यह एक टफ गेम है जिसे टफ लोग ही खेलते हैं. आप इतने नरम नहीं हो सकते. मुझे नहीं लगता कि इसमें डराने वाली कोई बात थी.'

# खो-खो विश्वकप के लिए प्रशिक्षित कर रहे भारतीय कोच

**नई दिल्ली.**

खो-खो विश्वकप में भाग लेने वाली सभी विदेशी टीमों को भारतीय कोच प्रशिक्षित कर रहे हैं। खो-खो फेडरेशन के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने रविवार को बताया कि आयोजन समिति ने खो खो विश्वकप में हिस्सा लेने वाले एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका से संबंधित देशों की खो खो टीमों को फिटनेस, खेल नियमों और नवीनतम खेल तकनीकों के लिए प्रशिक्षित भारतीय कोचो को नियुक्त किया गया हैं।उन्होंने कहा यह कोच अमेरिका ,ऑस्ट्रेलिया , न्यूजीलैण्ड, अर्जेंटीना , दक्षिण कोरिया , पोलैंड , हॉलैंड ,पेरू, दक्षिण अफ्रीका ,केन्या ,मलेशिया ,भूटान और नेपाल देशों में तैनात किये गए हैं । उन्होंने कहा कि इन कोचों के लिए एयर टिकट, रहने-खाने आदि की सभी व्यवस्था खो खो वर्ल्ड कप आयोजन समिति द्वारा की गई है हालांकि कुछ देशों की खो खो फेडरेशनों द्वारा इन कोचों को स्थानीय सुविधाएं या ठहरने की सुविधा प्रदान की गई है।उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय खो खो फेडरेशन ने खिलाडियों और सपोर्ट स्टाफ के प्रशिक्षित और कैपेसिटी बिल्डिंग करने के लिए पर्याप्त बजट प्रावधान किया

# अपनी हार सामने देखकर बौखला गए हैं 'आप-दा' वाले

## > पीएम मोदी ने आप के खिलाफ खोला मोर्चा



**नई दिल्ली.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी के दस साल के शासन को आपदा करार दिया। पीएम मोदी ने कहा कि आप के सत्ता से हटने से ही सुशासन का राज स्थापित होगा। राजधानी के रोहिणी में भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पार्टी उम्मीदवारों के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में दिल्ली का दिल जीतने का सबसे स्वर्णिम अवसर बताया और जनता से दिल्ली को 'आप-दा' से मुक्ति दिलाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि बीते 10 साल में दिल्ली ने जिस तरह की राज्य सरकार देखी है, वो किसी 'आप-दा' से कम नहीं है।

यह एहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है। इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज़ गूंज रही है- 'आप-दा' नहीं सहेंगे... बदल के रहेंगे। प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से कहा कि दिल्ली के उज्ज्वल भविष्य के लिए वह भाजपा को अवसर दें क्योंकि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी ही विकास कर सकती है। पूर्वोत्तर भारत के राज्यों, ओडिशा, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में भाजपा की चुनावी जीत का जिक्र करते हुए मोदी ने विश्वास जताया कि इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की जीत होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ही दिल्ली को दुनिया की बेहतरीन राजधानी का गौरव दिला सकती है। भाजपा ने अपने बेहतरीन उम्मीदवार उतारे हैं। मैं सभी उम्मीदवारों से भी कहूंगा कि दिल्ली का दिल जीतने का यह सबसे स्वर्णिम अवसर है। आप जुट जाइए और दिल्ली को 'आप-दा' से मुक्ति दिलाइए।" मोदी ने कहा कि जिस 'आप-दा' सरकार के पास दिल्ली के लिए कोई दृष्टिकोण न हो और जिसे दिल्ली की परवाह न हो, वह दिल्ली के लोगों का विकास नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि आज भी दिल्ली को आधुनिक बनाने के लिए जितने भी काम हैं, वह केंद्र की भाजपा सरकार ही कर रही है।

### केंद्र पर झूठा आरोप लगाती आप : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि आप-दा वालों के काम का कोई हिसाब नहीं है, लेकिन इनके कारनामे बेहिसाब हैं। ये तब होता है जब नीयत में खोट होता है और जनता के प्रति निष्ठा नहीं होती है। ये 'आप-दा' वाले दिल्ली चुनाव में अपनी हार सामने देखकर बौखला गए हैं, झूठ फैला रहे हैं। मोदी ने कहा कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार झूठे आरोप लगाती है कि केंद्र सरकार उसे काम नहीं करने देती है या फिर केंद्र सरकार उन्हें पैसे नहीं देती है। उन्होंने कहा कि ये कितने बड़े झूठे हैं...इसका उदाहरण इनका शीशमहल है। आज ही एक बड़े अखबार ने सीएजी रिपोर्ट के आधार पर शीशमहल पर हुए खर्च का खुलासा किया है।



# गाजा में हमास के ठिकानों पर हमला

**नई दिल्ली.** इस्राइल हमास के बीच पिछले डेढ़ साल से संघर्ष जारी है। इस्राइली वायुसेना ने बताया कि उन्होंने पिछले कई दिनों में हमास के आतंकियों का सफाया कर दिया। रविवार को उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में उन्होंने गाजा में 100 से अधिक आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इस हमले के कारण फलस्तीनी क्षेत्र में कई लोग मारे गए। इस्राइली सेना ने बताया कि कई हमलों में उन स्थानों को निशाना बनाया गया जहां से हमास आतंकी पिछले कुछ दिनों से इस्राइल पर हमला कर रहे थे। इस्राइली सेना ने कहा, "इस्राइली वायुसेना ने पिछले दो दिनों में गाजा पट्टी में 100 से अधिक आतंकी ठिकानों पर हमला किया और हमास के कई आतंकियों को मार गिराया।" गाजा की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि शनिवार को इस्राइली हमलों में 30 से अधिक लोग मारे गए। बता दें कि सात अक्तूबर 2023 में हमास ने इस्राइल पर हमला किया था। इस हमले में 1200 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। हमास कई लोगों को बंधक बनाकर भी लगे गए थे। गाजा में ताजा हमले बंधकों की रिहाई को लेकर अप्रत्यक्ष बातचीत को लेकर की गई थी। कतार, मिस्र और अमेरिका हमास और इस्राइल के बीच समझौते कराने के लिए मध्यस्थता का काम कर रहे हैं।

# ओडिशा में होगा 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन

## > 50 से अधिक देशों के लोगों ने किया पंजीकरण





**नई दिल्ली.**

ओडिशा सरकार की साझेदारी में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन का आयोजन आठ से 10 जनवरी तक भुवनेश्वर में किया जा रहा है। यह भारत सरकार का प्रमुख आयोजन है, जिसमें भारतीय प्रवासियों को जुड़ने और उन्हें एक-दूसरे के साथ बातचीत करने में सक्षम बनाने के लिए एक मंच प्रदान किया जाता है। इसका थीम विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान है। बता दें कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 50 से अधिक विभिन्न देशों से बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी सदस्यों ने पंजीकरण कराया है।विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस दौरान त्रिनिदाद और टोबैगो के राष्ट्रपति एचई. क्रिस्टिन कार्ला कंगालू मुख्य अतिथि के तौर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। 18वें प्रवासी भारतीय दिवस के खास मौके पर पीएम मोदी भारतीय प्रवासियों के लिए एक विशेष ट्रेन प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। यह तीन हफ्ते तक कई गणतव्यों को कवर करेगी।

ओडिशा के मुख्य सचिव मनोज आहूजा ने कहा, "पहली बार ओडिशा में प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन हो रहा है। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी समेत कई केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। यह ओडिशा के लिए अपनी संस्कृति, परंपराओं को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अध्यक्षता में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का समापन होगा। इस दौरान वे भारतीय प्रवासियों को विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदानों के लिए प्रवासी भारतीय सम्मान अवॉर्ड 2025 से सम्मानित करेंगी।

# तेंदुए ने किया काले हिरण का शिकार

## > दहशत में 7 और हिरणों की मौत





**नई दिल्ली.**

गुजरात के नर्मदा जिले में स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के परिसर के बाद एक बेहद ही चौंकाने वाली घटना सामने आई है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के परिसर के उद्यान में एक तेंदुआ घुस गया। इस तेंदुए ने उद्यान में मौजूद एक काले हिरण को मार डाला। अचानक हुए जंगली जानवर के हमले से भयभीत होकर सात और काले हिरणों की सदमे से मौत हो गई। तेंदुए को अभी तक नहीं पकड़ा जा सका है।

पिछले 48 घंटों से वन विभाग के केवडिया संभाग के अधिकारी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के सामने स्थित सरदार पटेल प्राणी उद्यान में 2 जनवरी की रात को घुसे जंगली तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रख रहे है। आसपास के इलाकों में भी तेंदुए की उपस्थिति को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है। अधिकारियों बताया कि तेंदुआ काले हिरण का शिकार करने के उद्देश्य से पार्क में घुसा था। उद्यान में कुल आठ काले हिरणों की मौत की सूचना मिली है। जिनमें से एक तेंदुए के हमले में और अन्य सात सदमे को कारण मर गए। इस घटना के बाद से पार्क को कुछ समय के लिए पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया था। हालांकि शनिवार को इसे फिर से आम लोगों के लिए खोल दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि, तेंदुआ को अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। यह जंगली तेंदुआ दो से तीन साल का एक वयस्क है। उद्यान में जंगली तेंदुए के घुसने की यह पहली घटना है। उप वन संरक्षक ने बताया कि उद्यान चारों ओर से जंगल से घिरा हुआ है, इसलिए तेंदुओं का आस-पास होना आम बात है। लेकिन बाड़बंद पार्क में घुसने की यह पहली घटना है। उप वन संरक्षक ने बताया कि, पार्क में सीसीटीवी की अच्छी कवरेज है। जैसे ही घटना की जानकारी हुई, सुरक्षा कर्मियों को तुरंत सतर्क कर दिया गया। जिसके कारण तेंदुआ भाग गया। हालांकि अभी तक तेंदुए को पकड़ा नहीं जा सका है। उद्यान में सभी शाकाहारी जानवर है। ऐसे में तेंदुआ घात लगाकर फिर से हमला कर सकता है।

# वाहनों में रंगीन स्टिकर लगाना हो सकता है अनिवार्य



## > सुप्रीम कोर्ट कर रहा विचार

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण से निपटने की दिशा में वाहनों के लिए होलोग्राम आधारित रंगीन स्टिकर की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि वह एनसीआर से बाहर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भी इसे अनिवार्य बनाने पर विचार कर रहा है। शीर्ष अदालत ने 2018 में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के एक प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया. जिसमें कहा गया था कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पेट्रोल और सीएनजी का इस्तेमाल करने वाले वाहनों में होलोग्राम-आधारित हल्के नीले रंग के स्टिकर, जबकि डीजल से चलने वाले वाहनों में नारंगी रंग के स्टिकर होंगे।

ईंधन के आधार पर वाहनों की पहचान करने में मदद करने वाले इन स्टिकर में वाहन के रजिस्ट्रेशन की तारीख भी शामिल होनी थी।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद केंद्र ने होलोग्राम आधारित स्टिकर की योजना को कानूनी मान्यता देने के लिए केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 और उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट आदेश, 2001 में संशोधन किया।

# महिलाओं के खिलाफ किसी भी तरह की हिंसा अस्वीकार्य

## > डीएमके सांसद कनिमोझी भाजपा पर बिफरीं




**नई दिल्ली.**

अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में छात्रा के साथ कथित यौन उत्पीड़न पर डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने शनिवार को कहा कि महिलाओं के खिलाफ किसी भी तरह की हिंसा अस्वीकार्य है। हमें समाज के रूप में उस बिंदु पर पहुंचना चाहिए जहां महिलाओं के खिलाफ कोई हिंसा न हो। डीएमके सांसद ने इस मुद्दे पर भाजपा समेत विपक्षी दलों की भी तीखी आलोचना की और उन पर मुद्दे को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया।

डीएमके सांसद ने कहा कि 'यह ऐसी चीज है जिस पर हमें शर्म आनी चाहिए। महिलाओं के खिलाफ किसी भी तरह की हिंसा को स्वीकार नहीं किया जा सकता। हमें बतौर समाज, उस बिंदु पर पहुंचने की जरूरत है जहां महिलाओं के खिलाफ कोई हिंसा न हो, लेकिन दुर्भाग्य से, ऐसा हुआ है। हमें देखना होगा कि क्या किया जाना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि पीड़िता को न्याय मिले।' कनिमोझी ने कहा, 'सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मामले की जांच हो और अदालती कार्यवाही इस तरह से हो कि पीड़िता के लिए स्थिति सकारात्मक हो। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अन्य विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं विपक्ष और भाजपा से पूछना चाहती हूं कि जब ये हुआ तो वे कहां थे? मणिपुर में अभी भी स्थिति ठीक नहीं है, तो वे सब कहां हैं? उन्हें वहां महिलाओं की चिंता क्यों नहीं है?' गौरतलब है कि पिछले सप्ताह, भाजपा ने अन्ना विश्वविद्यालय में यौन उत्पीड़न की घटना को लेकर डीएमके सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने यौन उत्पीड़न की घटना के विरोध में अपने घर के सामने खुद को कोड़े मारे थे।

# म्यांमार सीमा पर आवाजाही नियंत्रित करने की तैयारी




## > बॉर्डर पास समेत अहम दिशा-निर्देश जारी

**इंफाल.**

मणिपुर में जारी हिंसा के बीच केंद्र सरकार ने मिजोरम-म्यांमार सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मिजोरम की म्यांमार से 510 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है और यहां लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार ने कुछ अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के तहत बिना बाड़ वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर 10 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों की आवाजाही की छूट दी गई है, लेकिन इनकी आवाजाही को नियंत्रित करने और अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए बॉर्डर पास अनिवार्य कर दिया गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि म्यांमार और भारत के नागरिकों को एक दूसरे के देश जाने के लिए सात दिनों का वैध बॉर्डर पास जारी किया जाएगा। हालांकि इस पास को पाने के लिए आवेदनकर्ता को यह सत्यापित करना होगा कि वे सीमा के दोनों तरफ 10 किलोमीटर के दायरे में रहते हैं।

31 दिसंबर से नए दिशा-निर्देश जारी हो गए हैं। मिजोरम के छह जिले- चम्फाई, सियाहा, लॉन्ग्टलाई, हनाहथियाल, सैतुअल और सेरछिप की 510 किलोमीटर लंबी सीमा म्यांमार के चिन स्टेट से लगती है। शुक्रवार को चम्फाई जिले की पुलिस ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि भारत और म्यांमार के लोग जो एक दूसरे देशों की यात्रा करना चाहते हैं, उन्हें अब बॉर्डर पास की जरूरत होगी और यह बॉर्डर पास सात दिनों के लिए वैध होगा।

भारत को पूर्वोत्तर राज्यों मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश की सीमाएं सटी हुई हैं। ये सीमा करीब 1600 किलोमीटर लंबी है। सीमाओं के दोनों तरफ विभिन्न जनजातियों के लोग रहते हैं और अलग-अलग देश से होने के बीच इनके बीच करीबी रिश्ते हैं। इस वजह से अक्सर मिलने-जुलने और व्यापार के लिए दोनों देशों के लोग एक दूसरे देश आते-जाते रहते हैं। ऐसी स्थिति में इन लोगों को वीजा के चलते परेशानी न हो, दोनों ही देशों की सरकारों ने मुक्त आवाजाही की सुविधा दी हुई है।

# सिंगापुर में बढ़ रही नकली शादियां



**नई दिल्ली.**

सिंगापुर में नकली शादियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। सिंगापुर के पुरुष पैसा कमाने के लिए विदेशी महिलाओं के साथ झूठी शादी कर रहे हैं। विदेशी महिलाएं देश में लंबे समय तक रहने और काम करने के लिए शादियां कर रही हैं। इसे लेकर सिंगापुर के अधिकारियों ने चिंता जताई है। हाल ही में फर्जी शादियों को लेकर मामला सिंडिकेट के सामने आने के बाद अधिकारी सतर्क हो गए हैं। अधिकारियों का मानना है कि ऐसी शादियों से सामाजिक समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे मामलों को लेकर सिंगापुर इमिग्रेशन और चेकपॉइंट्स अथॉरिटी ने सतर्कता बढ़ा दी है। नकली शादियों के मामलों को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। आईसीए ने बताया कि 2024 में नकली शादियों के मामले जनवरी से सितंबर तक बढ़कर 32 हो गए। जो कि 2023 में सिर्फ चार थे। अधिकारियों ने बताया कि सिंगापुर में नकली शादी करने के लिए विदेशी महिलाएं पुरुषों को पैसा देती हैं। ताकि वे यहां पर रहने और काम करने की अनुमति पा सकें। लेकिन इससे सामाजिक स्तर पर समस्याएं बढ़ने के साथ ही विदेशियों के अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने की आशंका बढ़ती है। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि सिंगापुर आईसीए अधिकारियों ने हाल ही में एक ऐसे जोड़े को पकड़ा, जहां पर पत्नी अलग रह रही थी और पति अलग। साथ ही पुरुष की मां को पता ही नहीं था कि बेटा शादीशुदा है। दोनों को गिरफ्तार करके मामले की जांच की जा रही है।

# जॉर्ज सोरोस को मिला सर्वोच्च नागरिक सम्मान



**नई दिल्ली.** जिस जॉर्ज सोरोस के मुद्दे पर भारत में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तलवारें खिंची हुई हैं, उसे अमेरिका में सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इसका एलान किया। जॉर्ज सोरोस के बेटे एलेक्स सोरोस ने यह मेडल स्वीकार किया। सोरोस के अलावा हिलेरी क्लिंटन समेत 19 लोगों के नाम का एलान किया गया था। वहीं बाइडन के फैसले पर अब एलन मस्क भड़क गए हैं। उन्होंने इसे हास्यास्पद करार दिया है। अमेरिका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान को प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम कहते हैं।


आगया ऑनलाइन लॉटरी का जमाना...
गोल्डन मशीन लगाएं और खूब कमाइये...

GOLDEN 4D Raashi

GOVERNMENT OF MIZORAM FINANCE DEPARTMENT

NEW SCHEME | MRP : 10 /-

दिनांक 9 दिसंबर 2024 से हर रोज ड्रॉ का नया समय है।

4.00 PM | 6.00 PM | 8.00PM

| PRIZE LEVEL | PRIZE AMOUNT |
|---|---|
| Straight + Raashi | Rs. 1,50,000 |
| Straight | Rs. 9,000 |
| 1 Way BOX** (1111) | Rs. 30,000 |
| 4 Way BOX (1112) | Rs. 7,700 |
| 6 Way BOX (1122) | Rs. 4,600 |
| 12 Way BOX (1123) | Rs. 2,100 |
| 24 Way BOX (1234) | Rs. 1,000 |
| LAST PRIZE (100 Nos) | Rs. 100 |




सिराज एंटरप्राइसेस हनुमान नगर नागपूर -
प्रविण कडू ✆ 98224 72123 | सोहेल ✆ 98343 68413